

छत्तीसगढ़ पहुंचने पर जवानों में भारी उत्साह, दिखाएंगे अपनी सैन्य ताकत

दैनिक

# भास्कर दूत

हर ख़बर पर नज़र

दिल में छत्तीसगढ़

रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित

डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/68/2022-24

web- www. bhaskardoot.com



-: सुविचार :-
जिसके शब्दों में जान होगी उसी को लोगो से पहचान होगी

◆ वर्ष-11 ◆ अंक - 261 रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित ◆ RNI-CHHHIN/2014/55697 ◆ रायपुर, मंगलवार 01 अक्टूबर 2024 ◆ पृष्ठ-8 ◆ मूल्य - 02 रुपये


# कानपुर टेस्ट में विराट कोहली ने रचा इतिहास, सचिन के 'महारिकॉर्ड' को किया ध्वस्त

**ऐसा करने वाले बने दुनिया के पहले खिलाड़ी**

**कानपुर।** भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में विराट कोहली ने इतिहास रच दिया है। आज उन्होंने मैच के चौथे दिन 35 रन बनाते ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। विराट कोहली ने 35 रन बनाते ही इंटरनेशनल क्रिकेट में 27 हजार रन पूरे कर लिए। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले विराट चौथे बल्लेबाज हैं, लेकिन सबसे तेजी से 27 हजार इंटरनेशनल रनों का आंकड़ा छूने के मामले में विराट नंबर 1 पर पहुंच गए हैं। बता दें कि विराट ने क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर समेत रिकी पॉन्टिंग और श्रीलंका के संगकारा जैसे दिग्गजों को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। विराट ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर (टेस्ट + वनडे + टी20I) की 594वीं पारी में इस कारनामे को अंजाम दिया, जबकि सचिन तेंदुलकर ने 623, कुमार संगकारा ने 648, और रिकी पॉन्टिंग ने इस आंकड़े के लिए 650 पारियां खेलीं थीं। सचिन, संगकारा और पॉन्टिंग ने मिलकर 234 इंटरनेशनल शतक लगाए हैं, लेकिन इसके बावजूद विराट तेजी से रन बनाने के मामले में अब इन तीनों दिग्गजों से आगे निकल रहे हैं। गौरतलब है कि कानपुर टेस्ट में विराट ने 27 हजार रनों के आंकड़े को तो छुआ, लेकिन अर्धशतक तक नहीं पहुंच सके। विराट कोहली ने 35 गेंदों में 47 रनों की पारी खेली। स्लॉग स्वीप खेलने के चक्कर में विराट कोहली ने शाकिब अल हसन को अपना विकेट दे दिया। विराट के आउट होने के बाद भारतीय टीम ने 8 विकेट खोकर 284 रन बना लिए हैं। भारत की बढ़त फिलहाल 51 रन की है।

## कोहली का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर

जानकारी के लिए बता दें कि विराट कोहली ने अब तक 115 टेस्ट मैच खेले हैं। इन 113 टेस्ट मैचों में उन्होंने 8918 रन बनाए हैं। जिसमें 30 अर्धशतक और 29 शतक शामिल हैं। जबकि 295 वनडे मैचों में उनके नाम 13,906 रन बनाए हैं। जहां उन्होंने 72 अर्धशतक और 50 शतक जड़े हैं। वहीं अपने 125 इंटरनेशनल टी20 करियर में कोहली ने 4188 रन बनाए हैं। जिसमें 38 अर्धशतक और एक शतक शामिल है।



# 'गाय' बनीं महाराष्ट्र की राज्यमाता

### चुनाव से पहले शिंदे सरकार का बड़ा फैसला



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने गाय को राज्यमाात का दर्जा दिया है। महाराष्ट्र की शिंदे सरकार ने यह बड़ा फैसला ऐसे समय में लिया है, जब इस वर्ष नवंबर-दिसंबर महीने में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले शिंदे सरकार का ये बड़ा निर्णय माना जा रहा है, जो चुनाव की दिशा बदल सकती है। सरकार ने कैबिनेट बैठक में यह फैसला सुनाते हुए कहा कि वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में देशी गाय की स्थिति, मानव आहार में देशी गाय के दूध की उपयोगिता रही है।

फैसला जारी करते हुए सरकार ने कहा कि वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में देशी गाय की स्थिति, मानव आहार में देशी गाय के दूध की उपयोगिता, आयुर्वेद चिकित्सा, पंचगव्य उपचार पद्धति तथा जैविक कृषि प्रणालियों में देशी गाय के गोबर एवं गोमूत्र के महत्वपूर्ण स्थान को ध्यान में रखते हुए। यह देशी गायों को अब से राज्यमाता गोमाता घोषित करने की मंजूरी दी गई।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि देसी गाय हमारे किसानों के लिए एक वरदान है, इसलिए हमने इन्हें यह दर्जा('राज्य माता') देने का निर्णय लिया है। हमने देसी गोमाता के परि पोषण और चारे के लिए मदद करने का निर्णय लिया है।

### चुनाव आयोग ने राज्य का किया था दौरा

*बता दें कि चुनाव आयोग की टीम 28 सितंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए महाराष्ट्र के दो दिवसीय दौरे पर पहुंची थी। दो दिवसीय दौरे के दौरान निर्वाचन आयोग की टीम ने कई राजनीतिक दलों और अधिकारियों के साथ अहम बैठक कीं थी। आयोग ने बताया कि महाराष्ट्र में 26 नवंबर से पहले चुनाव कराना होगा, क्योंकि नवंबर में महाराष्ट्र विधानसभा कार्यकाल खत्म हो रहा है।*

# भाजपा और कांग्रेस का एक-दूसरे के खिलाफ विज्ञापन के जरिए हमला






**चंडीगढ़।** हरियाणा में चुनाव प्रचार बढ़ा है. भाजपा और कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के दौरे चल रहे हैं, तो सोशल मीडिया पर भी चुनावी बहस चल रही है. कांग्रेस और BJP इस मुद्दे पर विज्ञापन युद्ध में हैं. दोनों विज्ञापन एक दूसरे की कमियों को उजागर कर वाहवाही प्राप्त करते हैं. कांग्रेस और BJP ने ऐसे ही विज्ञापन भेजे हैं. भाजपा मौजूदा सरकार की कमियों को बता रही है, जबकि कांग्रेस ने इसकी कमियां गिनाई हैं BJP ने अपने वीडियो में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कार्टून दिखाया है, जबकि कांग्रेस ने अपने अपडेट में पूर्व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलते-जुलते व्यक्ति को दिखाया है. कांग्रेस ने एक एड जारी किया जिसमें कहा गया है कि BJP की कोई नीति या नीयत नहीं है. यह सिर्फ मजाक है.

कांग्रेस के एक वीडियो में खट्टर पर हमला- वीडियो में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को कार से कहीं जाते हुए एक गड्ढे में फंसते हुए लोगों से मदद मांगते हुए दिखाया गया है. वीडियो सांकेतिक रूप से दिखाता है कि बीजेपी चुनाव में जनता से मदद मांग रही है जबकि जनता ने इस बार बीजेपी को हरियाणा से बाहर निकाल दिया है.

वहीं, कांग्रेस के एक और एड नायब सिंह सैनी से मिलते-जुलते व्यक्ति को दिखाया गया है, जिसमें वह एक दुकान पर वोट मांगने जाते हैं, लेकिन दुकानदार उन्हें भगा देता है. आसपास के लोगों ने बताया कि उसकी बेटी को फिरौती के लिए अपहरण कर लिया गया था, इसलिए वे वोट मांगने जाते तो नाराज हो जाएंगे.

### हुड्डा पर भ्रष्टाचार का आरोप

BJP ने कांग्रेस को पैसे लेकर नौकरी देने का आरोप लगाया है, इसलिए इसे भी एड में चित्रित किया गया है. एक अनुच्छेद में भूपेंद्र सिंह हुड्डा को पर्ची-खर्ची का ताना लगाया गया है. इसमें दिखाया गया है कि एक व्यक्ति पैसा देता है और उसे एक ऑफर लेटर मिलता है. BJP ने ED के माध्यम से आरोप लगाया कि सत्ता से बाहर निकलते ही लोगों की भर्ती रोकने की कोशिश की जाती है. **BJP** ने अपने एक विज्ञापन में बताया कि अगर चुनाव में गलत बटन दब गया तो विकास के काम रुक जाएंगे. इसमें दो लोगों को एक लिफ्ट में दिखाया गया है. यहां तो ठीक है कि लेकिन 5 तारीख को गलत बटन दब गया तो हम नीचे ही चले जाएंगे, दूसरा व्यक्ति कहता है.

## समाचार शीर्ष

### 2 अक्टूबर को नहीं मिलेगी शराब

#### गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित...

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। बुधवार 02 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती के अवसर पर प्रदेश की समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफ.एल.-3 सपना बार एण्ड रेस्टोरेंट महासमुंद, देशी मदिरा भण्डारण भाण्डागार महासमुंद तथा देशी, विदेशी, कम्पोजिट अहातो को बंद रखने काआदेश दिया गया है। उक्त दिवस में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान किसी भी प्रकार की मदिरा की बिक्री या परोसने की अनुमति नहीं होगी, चाहे वह लाइसेंसी प्रतिष्ठान हो या गैर-लाइसेंसीकृत स्थल। आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि गैर-लाइसेंसीकृत जगहों पर शराब की बिक्री या परोसने पर भी सख्त रोक रहेगी।

### छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के डीपीआर को मंजूरी

# केंद्रीय परिवहन मंत्री ने दी 10,000 करोड़ की सौगात

भास्कर दूत



**रायपुर.** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ को 10,000 करोड़ रुपए की बड़ी सौगात दी है. इस राशि से राज्य में 4 नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार की जाएगी. इन परियोजनाओं से राज्य में सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और परिवहन की सुविधाएं बेहतर होंगी.

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सोमवार को नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ बैठक के दौरान इन परियोजनाओं पर चर्चा की. बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर गहन मंथन हुआ. 4 नई परियोजनाओं के लिए छक्का को केंद्र की स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देकर सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी.

### गडकरी ने छग सरकार और अधिकारियों को दी बधाई

*नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक जारी है. रायपुर से विशाखापट्टनम के बीच पहले फेज का कार्य रिकॉर्ड 4 महीने में पूरा हुआ, इसके लिए गडकरी ने छत्तीसगढ़ सरकार और अधिकारियों को बधाई दी है. बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, हमारी सरकार सभी परियोजनाओं को समय पर और बिना किसी रुकावट के पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. प्रत्येक सप्ताह कार्य की प्रगति की समीक्षा की जा रही है. सभी अधिकारियों को कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं.*

# दुर्ग-विशाखापट्नम वंदेभारत एक्सप्रेस में फिर पथराव

### टूटा कांच, 15 दिन में दूसरी घटना




**रायपुर.** दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस में बदमाशों ने फिर पथराव किया है. 15 दिन में यह दूसरी घटना है. जानकारी के मुताबिक, 28 सितंबर की रात वंदे भारत ट्रेन विशाखापट्नम से दुर्ग लौट रही थी. रात करीब 9 बजे जब ट्रेन खरियार रोड स्टेशन के आउटर में पहुंची तो कुछ युवकों ने पथराव किया. इसकी वजह से ट्रेन के एक्जीक्यूटिव क्लास के ई-2 के सीट नंबर 33-34 की खिड़की टूटकर चकना चूर हो गई. इस मामले में आरपीएफ ने एफआईआर दर्ज किया है. ट्रेन में पथराव के बाद यात्री आक्रोशित हो गए. कोच में अधिक यात्री सवार नहीं थे इस कारण किसी को चोट नहीं आई. रेलवे अफसरों के अनुसार रात के 9 बजे अंधेरा बहुत था. ट्रेन चल रही थी इस वजह से पथराव करने वालों को देखा नहीं जा सका. पिछले 15 दिनों में पथराव की यह दूसरी घटना है.

**पथराव करने वाले 5 आरोपी हुए थे गिरफ्तार-** बता दें कि इससे पहले 13 सितंबर को दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदे भारत जब ट्रायल के दौरान महासमुंद से बागबाहरा के लिए गुजर रही थी इस दौरान भी ट्रेन में पथराव हुआ था. इस पथराव में C2-10, C4-1, और C9-78 कोच के शीशे टूट गए थे. इसकी जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस हरकत में आई और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया.

# राजीव गांधी के नाम वाली 2 योजनाएं का बदल गया नाम

### विष्णुदेव सरकार ने जारी किया आदेश

**रायपुर।** राजीव गांधी स्वावलंबन योजना अब पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वावलंबन योजना कह लाएगा। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने इसके साथ ही राजीव गांधी के नाम पर चल रही एक और योजना का नाम बदल दिया है। दोनों योजना नगरीय प्रशासन विभाग की है। योजनाओं का नाम बदले जाने के संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग ने आज ही आदेश जारी किया है। राज्य सरकार ने राजीव गांधी के नाम वाली जिस दूसरी योजना का नाम बदला है वह है राजीव गांधी आजीविका केंद्र योजना अब यह योजना पं. दीनदयाल उपाध्याय आजीविका केंद्र योजना कह लाएगी। बता दें कि प्रदेश में 2018 में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद से योजनाओं के नाम को लेकर सियासत हो रही है। 2018 में सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने करीब आधा दर्जन योजनाओं का नाम बदल दिया था, जब बीजेपी सरकार भी योजनाओं का नाम बदली रही है।



छत्तीसगढ़ शासन
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
//आदेश//

# बॉलीवुड के सर्वोच्च सम्मान से नवाजे जाएंगे मिथुनचक्रवर्ती , मिलेगा दादासाहेब फाल्के पुरस्कार



**नई दिल्ली।** वर्सेटाइल एक्टर मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा. 50 दशक से फिल्मी दुनिया पर राज कर रहे मिथुन चक्रवर्ती हिंदी सिनेमा के उम्दा कलाकारों में से एक हैं. अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने वाली बात यूनियन मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर दी है.

फिल्मी दुनिया में कोलकाता की गलियों से आए मिथुन चक्रवर्ती ने लोगों के दिलों में अपनी एक अलग पहचान बनाई है. साल 1976 के बाद से फिल्मों में मिथुन दा के अभिनय का दम दिख रहा है. दशकों तक अपने शानदार काम के लिए उन्हें सम्मानित किया जा रहा है.

बता दें कि यूनियन मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने 30 सितंबर की सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर मिथुन चक्रवर्ती को देश के सर्वोच्च सम्मान में से एक दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने की बात का अनाउंसमेंट किया है. बता दें कि 16 जून 1950 को कोलकाता में जन्मे मिथुन चक्रवर्ती ने 24 साल की उम्र में फिल्म मृगया से फिल्मी करियर शुरू किया था. घिनुआ का किरदार निभाने के लिए मिथुन दा को बहुत प्रशंसा मिली थी और इसके लिए उन्हें अपना पहला नेशनल अवॉर्ड भी मिला था. उन्होंने सफलता का रस फिल्म डिस्को डांस से चखा और वह सिनेमा में डिस्को डांसर के नाम से पहचाने जाने लगे. वह भारत सरकार के द्वारा पद्म भूषण से भी नवाजे जा चुके हैं.

# किन्नर अखाड़े की साध्वी सौम्या ने कहा- छत्तीसगढ़ के हर गरबा पंडल में गंगाजल- गौ मूत्र का छिड़काव कर ही दे प्रवेश

भास्कर दूत




**रायपुर.** नवरात्र में छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में गरबा हर्षो उल्लास के साथ मनाया जाता है. इस बीच आज सोमवार को कई हिंदू संगठनों ने गरबा स्थल में गैर हिंदूओ के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए अपनी मांगो का एक ज्ञापन कलेक्टर और एसएसपी को सौंपा है. किन्नर अखाड़े से साध्वी सौम्या ने इस दौरान कहा है कि छत्तीसगढ़ में जो भी गरबा आयोजन होता है. वहां पर आयोजन सौम्य रूप से हो. इस तरह से हो ताकि किसी तरह की विवाद की स्थिति पैदा ना हो. उन्होंने कहा है कि पंडाल में प्रवेश करते समय सभी गरबा आयोजनकर्ता माता के भक्तों पर गंगा जल- गौ मूत्र का छिड़काव करे, पंडाल में प्रवेश करते समय सभी के माथे पर तिलक लगाकर उन्हें प्रवेश कराएं. इसके अलावा भी कई मांगे उन्होंने इस ज्ञापन में की है. तमाम संगठनों ने ये बात कही है कि गरबा खेलने जा रहे लोगों के आधार कार्ड चेक करने के बाद ही गरबा में एंट्री दी जाए. किन्नर अखाड़े से साध्वी सौम्या ने कहा है कि हमारी जो बहने हैं माताएं हैं उन्हें वस्त्र ऐसा धारण करें जो एक सभ्यता पूर्ण हो. वहां मादक पदार्थों का सेवन ना हो. गरबा में बाउंसर रखे जाए हैं. इस दौरान विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, हिंदू महासभा, किन्नर अखाड़ा, शिव सेना और हिंदू जागरण मंच समेत अन्य के पदाधिकारी मौजूद थे.

### संगठनों ने रखी ये मांगे

1. गरबा पंडाल संचालक प्रवेश वाले स्थान पर आने वाले लोगों का आधार कार्ड चेक करें
2. एक रजिस्टार बना कर रखे जिससे उन सभी व्यक्तियों का नाम, पता, आधार नंबर और मोबाइल नंबर लिखा हो.
3. पंडाल में प्रवेश करते समय सभी के माथे पर तिलक लगाकर प्रवेश कराये.
4. पंडाल में प्रवेश करते समय गंगा जल-गौ मुत्र का छिड़काव किया जावे.

### कहा- ईश्वर को तो राजनीति से दूर रखते

# तिरुपति लड्डू विवाद में सीएम नायडू को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार



**नई दिल्ली।** तिरुपति लड्डू विवाद में आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जुलाई में आई रिपोर्ट पर दो महीने बाद बयान क्यों दिया। ईश्वर को तो राजनीति से दूर रखते। मामले की अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी।

विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू प्रसादम में बीफ और सूअर की चर्बी को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। स्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने तिरुपति लड्डू विवाद मामले पर सुनवाई की।

सुनवाई करते हुए दो जजों की बेंच ने आंध्र प्रदेश सरकार को फटकार गई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भगवान को राजनीति से दूर रखें। स्ढ्ढञ्ज रिपोर्ट आने से पहले ही प्रेस के पास क्यों गए? सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्यमंत्री से कहा कि आप संवैधानिक पद पर हैं. आपको स्ढ्ढञ्ज के निष्कर्ष का इंतजार करना चाहिए था। कार्ट में दायर की गई याचिकाओं में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा लगाए गए आरोपों की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है। उनका दावा है कि तिरुपति मंदिर में लड्डू बनाने में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल किया गया। इस बीच, राज्य सरकार की एक सोसायटी प्रसादम की गुणवत्ता और लड्डू में इस्तेमाल किए गए घी की जांच करने के लिए तिरुपति में है। तिरुपति मंदिर बोर्ड की तरफ से सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ और आंध्र प्रदेश राज्य की तरफ से सीनियर एडवोकेट अधिवक्ता मुकुल रोहतगी पेश हुए। जस्टिस बीआर गवई ने आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी के सवाल का जवाब देते हुए कहा, जब आप संवैधानिक पद पर होते हैं, तो आपसे यह उम्मीद की जाती है कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा।

### बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी और ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष की याचिका पर हुई सुनवाई

*बता दें कि तिरुपति लड्डू विवाद में बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद वाई वी सुब्बा रेड्डी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है।सुब्रह्मण्यम स्वामी की याचिका में आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच की मांग की है। वहीं तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद वाई वी सुब्बा रेड्डी ने अपनी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज के अधीन स्वतंत्र जांच समिति बनाकर इन आरोपों की जांच कराए जाने की मांग की है। वहीं राज्य सरकार ने याचिकाओं का विरोध किया है।*

# रायपुर में कलेक्टर की अनोखी पहल, अच्छे काम करने वाले कर्मचारियों के साथ किया ब्रेकफास्ट और चर्चा

भास्कर दूत

रायपुर। रायपुर कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने एक नई पहल शुरू की है. उन्होंने जमीनी स्तर के कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए कलेक्टर के साथ नाश्ता शुरू किया है। इसी क्रम में आज शनिवार को कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को नाश्ते पर आमंत्रित किया.



कलेक्टर ने पटवारी से प्रशासनिक कामकाज पर चर्चा की और उनके परिवार के सदस्यों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने पटवारी से उसकी सेवा पुस्तिका सत्व के बारे में भी जानकारी ली।

चर्चा के दौरान रायपुर कलेक्टर ने अपने अन्य मुद्दे भी उठाए। कलेक्टर ने जिले के जोनल स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी तालुका के पटवारियों के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया. आगामी दिनों में महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाडी केन्द्रों की कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के साथ कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर के साथ नाश्ते में कलेक्टर गौरव सिंह ने हल्का पटवारियों से चर्चा की और उनसे समस्याओं के बारे में जानकारी ली और सुझाव भी मांगे.

कलेक्टर ने कहा कि हल्का पटवारी अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं और अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं। कलेक्टर ने कहा कि इसके साथ ही दुर्घटना की जानकारी भी तुरंत मिल सकेगी. हल्का पटवारियों से चर्चा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करें तथा कार्य पारदर्शिता से करें। नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए. साथ ही किसी भी काम को आसान बनाना चाहिए.

कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण कम किया जाये। कलेक्टर ने कहा कि आरबीसी 6-4 के तहत आपदा से हुई मृत्यु पर पटवारी तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करें और पीड़ित परिवार के सदस्यों को यथाशीघ्र सहायता राशि स्वीकृत करें। इससे पीड़ित परिवार को भी काफी मदद मिलती है. कलेक्टर ने कहा कि आय एवं जाति प्रमाण पत्र के लंबित प्रकरणों का निस्तारण तेजी से किया जा रहा है। लंबित मामलों की संख्या में काफी कमी आई है, जाति, आय, निवास प्रमाण जल्द से जल्द प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

# अपराध के चलते किरकिरी, शुद्धिकरण के लिए तेलीबांधा थाने में पूजा-पाठ



भास्कर दूत

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना पुलिस अपराध नियंत्रण के लिए नवाचार की मदद ले रही है। सप्ताह भर के इलाके में दो हत्याओं , हत्या के प्रयास औरदर्जन भर चोरी की घटनाओं से परेशान स्टाफ ने सोमवार को थाने का शुद्धिकरण किया। यह पूजा सोमवार सुबह स्टाफ ने शुद्धिकरण कर श्रीफल (नारियल) फोड़े। शुद्धिकरण के लिए किस जल का इस्तेमाल किया गया यह स्पष्ट नहीं हुआ है । बता दे कि बीते सप्ताह भर में तेलीबांधा इलाके में पहले 16 सितंबर रेस्टोरेंट कर्मी युवती योगिता साहू और फिर 22 को अंबिकापुर के ड्राइवर ईश्वर राजवाड़े की हत्या हुई । इससे परेशान थाना पुलिस ने यह नवाचार किया। हालांकि इसके बाद थाना ही नहीं राजधानी पुलिस की किरकिरी हो रही है। इस अनुष्ठान का वायरल वीडियो देखने वाले हर शख्स ने पुलिस को ट्रोल किया है। इनका कहना है कि पूजा के बजाए सही पुलिसिंग कि जाए तो घटनाएं थमेंगी। पेट्रोलिंग टीम 22 की रात सड़क पार कर ईश्वर के पास पहुंचती तो उसकी जान बच जाती। इसी तरह से रांग साइड आकर युवती को अपनी चपेट में लेने वाली,वन मंत्री के विशेष सहायक की पत्नी को गिरफ्तार करने का साहस जुटाती को हिट एंड रन की घटना करने वालों को सबक मिलता।

छत्तीसगढ़ में खुले शासकीय नौकरियों के द्वार

# छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों में 3700 से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

## साय सरकार में मिल रहा युवाओं को भविष्य संवारने का सुनहरा अवसर

भास्कर दूत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों में युवाओं की भर्ती का सिलसिला वृहद पैमाने पर शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर अब तक लगभग 8 विभागों में 3737 पदों की भर्ती के लिए वित्त विभाग ने अपनी मंजूरी दे दी है। खाली पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को लेकर कमोबेश सभी विभाग प्रस्ताव बनाने से लेकर शासन से स्वीकृति की तैयारी में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय की मंशानुरूप विभागों में भर्ती की प्रक्रिया अनवरत रूप से जारी रहेगी।



मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वित्त विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, गृह विभाग, विधि विभाग, आदिम जाति कल्याण, वन एवं पर्यावरण विभाग अपने-अपने विभागों में भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाने में लगे हैं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय लगातार छत्तीसगढ़ में युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार में नए अवसर प्रदान करने के लिए कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर ही कैबिनेट ने पुलिस विभाग सहित अन्य शासकीय भर्तियों में युवाओं के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट का लाभ भी युवाओं को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में उप अभियंता (सिविल) के 118, उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) के 10 पदों सहित 181 पदों पर भर्ती की मंजूरी वित्त विभाग ने दी है। इसी तरह गृह विभाग में सूबेदार, उप पुलिस निरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्लाटून कमांडर, नगर सैनिक सहित कुल 1,069 पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग से स्वीकृति मिली है। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत चिकित्सा अधिकारी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, स्टॉफ नर्स सहित अन्य संवर्ग के 1201 पदों पर स्वीकृति के साथ ही छत्तीसगढ़ विधानसभा में सहायक मार्शल के पदों तथा आदिम जाति कल्याण विभाग में छात्रावास अधीक्षक के 300 पदों भर्ती की प्रक्रिया जारी है। वन विभाग में वन रक्षक सहित अन्य संवर्ग के कुल 66 पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न संवर्ग के 237, विधि विभाग के अंतर्गत न्यायालयों में व्यवहार न्यायाधीश सहित अन्य संवर्ग के कुल 362 पदों पर तथा कृषि विभाग के अंतर्गत 321 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की भर्ती का रास्ता खुल गया है।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 1159.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

भास्कर दूत


**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1159.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 30 सितम्बर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2377.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 606.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 634.5 मिमी, सूरजपुर में 1160.8 मिमी, बलरामपुर में 1731.2 मिमी, जशपुर में 1064.1 मिमी, कोरिया में 1127.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1088.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 954.4 मिमी, बलौदाबाजार में 1188.3 मिमी, गरियाबंद में 1099.9 मिमी, महासमुंद में 969.6 मिमी, धमतरी में 1035.5 मिमी, बिलासपुर में 991.2 मिमी, मुंगेली में 1115.3 मिमी, रायगढ़ में 1109.0 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 734.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1234.4 मिमी, सक्ती 1062.0 मिमी, कोरबा में 1417.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1207.5 मिमी, दुर्ग में 655.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 922.6 मिमी, राजनांदगांव में 1128.1 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1237.5 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 856.6 मिमी, बालोद में 1199.6 मिमी, बस्तर में 1266.7 मिमी, कोण्डागांव में 1028.7 मिमी, कांकेर में 1422.5 मिमी, नारायणपुर में 1448.6 मिमी, दंतेवाड़ा में 1515.3 मिमी और सुकमा जिले में 1673.3 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## सार समाचार

### रायपुर में नवरात्रि पर डोंगरगढ़ जाने वाले रेल यात्रियों को राहत, मिलेगी अतिरिक्त सुविधा

**रायपुर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां बमलेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ़ ने नवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त सुविधाओं की आवश्यक व्यवस्था की है। रेलवे प्रशासन ने मेले में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए 3 से 12 अक्टूबर तक ट्रेनों के अस्थायी ठहराव और कुछ ट्रेनों के विस्तार की सुविधा दी है। डोंगरगढ़ और रायपुर तक अस्थायी विस्तार के साथ-साथ कुछ लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों को भी 3 से 12 अक्टूबर तक डोंगरगढ़ में अस्थायी ठहराव दिया जा रहा है।



03. दिनांक 02 से 12 अक्टूबर 2024 तक 03 मेमू स्पेशल ट्रेनों को अस्थायी रिस्टोरकिया जारहा है, जिसकी जानकारी इसप्रकारहै :-

I. गाड़ी संख्या 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर दिनांक 02 से 12 अक्टूबर 2024 तक अपनेनिर्धारित समयानुसार चलेगी।

II. गाड़ी संख्या 08723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर दिनांक 02 से 12 अक्टूबर 2024 तक अपनेनिर्धारित समयानुसार चलेगी।

III. गाड़ी संख्या 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर दिनांक 02 से 12 अक्टूबर 2024 तक अपनेनिर्धारित समयानुसार चलेगी।

04. अन्य ट्रेनों में 01 द्वितीय श्रेणी के अस्थायी कोच लगाए जाएंगे, जिसकी जानकारी इसप्रकारहै :-

I. गाड़ी संख्या 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाषचन्द्र बोस इतवारी एक्सप्रेस में दिनांक 02 से 12 अक्टूबरतक।

II. गाड़ी संख्या 12240 नेताजी सुभाषचन्द्र बोस इतवारी-कोरबा एक्सप्रेस में दिनांक 02 से 12 अक्टूबरतक।

III. गाड़ी संख्या 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचन्द्र बोस इतवारी एक्सप्रेस में दिनांक 03 से 13 अक्टूबरतक।

IV. गाड़ी संख्या 12856 नेताजी सुभाषचन्द्र बोस इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस में दिनांक 04 से 14 अक्टूबरतक।

-------

08742/08741 गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेजर स्पेशल को रायपुर तक विस्तार किया जा रहा है जिसकी समयसारणी इसप्रकारहै :-

| 08741 दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजरस्पेशल | स्टेशन | 08742 गोंदिया-दुर्ग मेमू पैसेंजरस्पेशल |
|---|---|---|
| 05.15 | रायपुर | 22.30 |
| 05.23/05.24 | सरोना | 21.51/21.52 |
| 05.29/05.30 | कुम्हारी | 21.40/21.41 |
| ------- | डीकेबिन | 21.32/21.33 |
| 05.36/05.37 | देवबलौदा चरौदा | 21.27/21.28 |
| 05.41/05.42 | भिलाई | 21.22/21.23 |
| 05.49/05.51 | भिलाईपावरहाउस | 21.16/21.18 |
| 06.02/06.03 | भिलाईनगर | 21.11/21.12 |
| 06.15 | दुर्ग | 20.30/21.05 |

दुर्ग एवं गोंदिया के मध्य इनट्रेनों की समयसारणी यथावतरहेगी।

### इस रोड में बस नही तो ट्रक भी नहीं, मांग को लेकर उतरे ग्रामीण



रायपुर-बिलासपुर हाईवे के सांकरा से सिमगा सिक्स लाइन पर आज देवरी सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया. ग्रामीणों का आक्रोश इस बात पर था कि सिक्स लाइन बनने के बाद से यात्री बसें देवरी गांव से होकर नहीं जा रही थीं, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. दरअसल, जब सिक्स लाइन का निर्माण नहीं हुआ था तब यात्री बसें रायपुर से बिलासपुर की ओर आते-जाते समय देवरी से होते हुए ही आती-जाती थी. लेकिन सिक्स लाइन बनने के बाद से यात्री बसें गांव के बाहर से ही निकल जाती है. इसका खामियाजा देवरी के ग्रामीणों को तो भुगतना ही पड़ता है. साथ ही देवरी से लगे हुए आसपास के एक-दो किलोमीटर की दूरी पर मौजूद गांव के ग्रामीणों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है. उन्हें पैदल सिक्स लाइन किनारे तक आना पड़ता है तब जाकर उन्हें यात्री बसों की सुविधा मिलती है. छात्राओं और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और भी कठिन हो गई है.

### रायपुर में शिवसेना ने गरबा में अश्लीलता और भद्दे गाने बजाने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** शिवसेना शिंदे पक्ष रायपुर जिला इकाई के द्वारा गरबा बजाये जाने वाले अश्लील गाना एवं गैर हिन्दु के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए जिलाधीश को ज्ञापनब सौंपा गया । युवासेना जिलाध्यक्ष संजय सोनकर ने बताया कि समस्त गरबा समितियों द्वारा आयोजित गरबा कार्यक्रम में अमर्यादित गाने, आसंस्कृतिक वेश भूषा, आसामाजिक तत्वों कि रोकथाम, समय सीमा का विशेष ध्यान, ध्वनि यत्रों कि आवाज़ पर नियंत्रण, किसी भी नशे में लिपट व्यक्ति के प्रवेश पर रोक, गैर हिंदू के प्रवेश पर रोक एवं प्रवेश द्वार पर तिलक लगाने कि व्यवस्था करने की मांग को लेकर जिलाधीश को ज्ञापन दिया गया। जिसमे मुख्यरूप से जिलाप्रभारी आशीष परिडा,किशन साहू,देवराज साहू,गिरिराज देवांगन,महावीर यादव,तरुण डाउंडेकर,लक्की सिन्हा,टीकम कन्नौजे,निलेशवर निषाद एवं अधिक संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित हुए।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर कड़ी कार्रवाई

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनोरा के प्राचार्य निलंबित

## अमर्यादित एवं अशोभनीय व्यवहार का मामला

भास्कर दूत

**रायपुर** / मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जशुपर जिले के मनोरा विकासखंड अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनोरा के तत्कालिक प्राचार्य श्री आर.बी. निराला को आज निलंबित कर दिया गया है। श्री निराला द्वारा विद्यालय में कार्यरत महिला कर्मचारियों, शिक्षिकाओं एवं छात्राओं के साथ अमर्यादित एवं अशोभनीय व्यवहार करने की शिकायत मिली थी। इस संबंध में सरगुजा संभाग के कमिश्नर श्री गोविंद राम चुरेंद्र ने जिला जशपुर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनोरा के तत्कालीन प्राचार्य श्री आर.बी. निराला का निलंबन आदेश जारी किया। गौरतलब है कि मनोरा विकासखण्ड के शासकीय हाईस्कूल गेड़ई के वर्तमान प्राचार्य श्री आर.बी. निराला के विरूद्ध स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनोरा में कार्यरत् महिला कर्मचारियों, शिक्षकों एवं छात्रों के साथ अमर्यादित एवं अशोभनीय व्यवहार किए जाने के संबंध में प्रस्तुत शिकायत की जांच अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जशपुर से करायी गयी। अनुविभागीय दण्डाधिकारी जशपुर के जाँच प्रतिवेदन में श्री निराला का आचरण महिलाओं के प्रति सम्मानजनक नहीं है, उनका व्यवहार अधीनस्थ महिला शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्राओं के साथ शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न की ओर इंगित पाया। श्री निराला का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के सर्वथा विपरीत है। उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री निराला का मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में श्री निराला को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# पढ़ाई ठप, स्टूडेंट्स का अनोखा प्रदर्शन

भास्कर दूत





**रायपुर।** स्कूल में पिछले कई दिनों से पढ़ाई न होने से आक्रोशित छात्रों ने आज रैली निकाल कर सरकार से न्याय मांगा। बच्चों ने वी वांट जस्टिस के नारे लगाते हुए विधानसभा तक रैली निकाली।

राजधानी के सड्डू स्थित प्रयास विद्यालय के पांच सौ से अधिक बच्चे सोमवार को स्कूल लगने से पहले विरोध पर उतरे। सभी हाथों में बैनर पोस्टर लगा कर विधानसभा सड़क पर निकल पड़े । इसी सड़क पर दो वर्ष पहले अजा वर्ग के युवकों ने नग्न प्रदर्शन किया था।

इन बच्चों का कहना था कि स्कूल के शिक्षक डीए पदोन्नति की मांग को लेकर अन्य संगठनों की हड़ताल में सक्रिय हैं, पढ़ा नहीं रहे हैं। और आने वाले दिन त्यौहारी अवकाश के होने जा रहे हैं । इस तरह से करीब डेढ़ माह से पढ़ाई बंद है। खासकर 10-12 वीं बोर्ड कक्षाओं के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। आज सुबह जब शिक्षक अपनी लग्जरी कारों में स्कूल पहुंचे तब तक बच्चे रैली निकाल सड़क पर आ चुके थे। यह देखते ही कुछ कार सवार शिक्षक,इन्हें रोकने वापस स्कूल चलने दौड़े। बच्चे इनसे बचते हुए आगे बढ़ते रहे। बच्चों के इस? स्वस्फूर्त प्रदर्शन ने स्कूल शिक्षा सचिव, डीपीआई, डीईओ की नाक को नीचे राजधानी की शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। ये हालात राजधानी में हैं तो ग्रामीण इलाकों की स्थिति आसानी से समझी जा सकती है।

# मुख्यमंत्री की सार्थक पहल से छात्राओं की आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

भास्कर दूत





**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सार्थक पहल से जशपुर जिला प्रशासन के तहत नव गुरुकुल शिक्षण संस्थान में आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य न केवल शिक्षा का स्तर बढ़ाना है, बल्कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें व्यावसायिक कौशल से जोड़ना है, ताकि वे अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकें। यह कार्यक्रम प्रदेश में जशपुर के साथ-साथ रायपुर और दंतेवाड़ा जिला में भी संचालित हैं। जिला प्रशासन द्वारा छात्रों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। यहां छात्राओं को कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, फायनेंस, बिजनेस, शिक्षा, और ग्राफिक्स डिज़ाइनिंग जैसे विविध क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा, भाषा ज्ञान और व्यक्तित्व विकास पर अतिरिक्त कक्षाएँ भी आयोजित की जाती हैं, जिससे छात्राओं का समग्र विकास हो सके। छात्राओं को निःशुल्क आवास, प्रशिक्षण, और भोजन की सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। प्रशिक्षण के दौरान लैपटॉप/कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उन्हें अध्ययन और प्रोजेक्ट्स पर काम करने में मदद मिलती है। वर्तमान में, इस कार्यक्रम के तहत जिले की 16 प्रतिभाशाली छात्राएँ विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर अन्य राज्यों की प्रमुख कंपनियों में सफलतापूर्वक प्लेसमेंट के लिए चयनित हुई हैं। ये छात्राएँ अब अच्छी आय अर्जित कर रही हैं, जो उनके प्रयासों का जीवंत प्रमाण है। यहाँ पर 150 छात्राओं के लिए प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है, जिसमें वर्तमान में 60 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का यह दृष्टिकोण केवल छात्राओं के जीवन में बदलाव लाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में भी एक सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में प्रेरणा देता है। उनकी सोच ने ना केवल छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर भी प्रदान किया है।



### छात्राओं के अनुभव

जशपुर नगर की निवासी कुमारी प्रतिभा थापा बताती हैं कि 'मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिससे मुझे पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी। जब मैंने नव गुरुकुल के बारे में सुना, तो मैंने यहाँ फॉर्म भरा और प्रशिक्षण लेने आई। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि इतने महंगे कोर्स की पढ़ाई मुझे निःशुल्क मिलेगी। मैंने बिजनेस कोर्स में 16 महीने का प्रशिक्षण लिया और आज एक निजी कंपनी में क्लाउड सपोर्ट इंजीनियर के पद पर कार्यरत हूँ।'

जशपुर नगर की ही कुमारी नेहा चौहान ने बताया कि मेरे पिता एक छोटे किसान हैं। हमारी आमदनी उतनी अच्छी नहीं है कि मैं बाहर जाकर पढ़ाई कर सकूं। लेकिन इस संस्थान से मुझे बहुत लाभ हुआ है। यहाँ मुझे बिजनेस कोर्स में 13 महीने प्रशिक्षण के साथ-साथ भाषा ज्ञान भी मिला, जो मेरे लिए बहुत उपयोगी है। डुगडुगीया (कुनकुरी) निवासी कुमारी साक्षी सिंह बताती हैं कि जब मुझे यहाँ के बारे में पता चला तो फॉर्म भरकर प्रशिक्षण ली।

भारतीय सेना के जवान पहुंचे रायपुर, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने किया स्वागत

# छत्तीसगढ़ पहुंचने पर जवानों में भारी उत्साह, दिखाएंगे अपनी सैन्य ताकत

भास्कर दूत









**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में होने वाले अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए भारतीय सेना के जवानों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। रायपुर रेलवे स्टेशन में 80 जवानों की एक टोली आज पहुंच गई है। जिनका कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने गुलाब देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जवानों में भी खूब उत्साह देखने को मिला।

जबलपुर एसटीसी के 80 जवानों की टोली आज रायपुर पहुंच गई है। हवलदार श्री देवेंद्र कुमार एव नायक श्री योगेश बिष्टा ने कहा कि छत्तीसगढ़ पहुंचने पर हमारे लिए बड़ा गर्व का विषय है। ऐसा स्वागत होने से हम अभिभूत महसूस कर रहे है। इसके लिए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं जिला प्रशासन का धन्यवाद करते है। इस स्वागत के अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 5 एवं 6 अक्टूबर को साइंस कॉलेज मैदान में अपनी सेना के शौर्य का प्रदर्शन मेले का आयोजन होने जा रहा है। इसमें मेले में सेना के विभिन्न विंग का समावेश देखने को मिलेगा। इस मेले में शामिल होने के लिए भारतीय सेना के जवानों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है।

### ऐसा स्वागत होने से अभिभूत महसूस कर रहे- भारतीय सेना

# राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन जागरूकता के माध्यम से बालोद पुलिस ने लाटाबोड़ में महिलाओं को किया जागरूक

## नवीन कानून को लेकर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं के बीच पहुंची पुलिस

भास्कर दूत

**बालोद।** पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग रामगोपाल गर्ग, पुलिस अधीक्षक एस.आर. भगत के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी के मार्गदर्शन, एस.डी.ओ.पी. बालोद देवांश राठौर, उप पुलिस अधीक्षक गुण्डरदेही श्रीमती गीता वाधवानी के नेतृत्व में सायबर सेल प्रभारी जोगेन्द्र साहू व टीम, महिला सेल प्रभारी सउनि सीता गोस्वामी द्वारा महिला सशक्तिकरण की एक पहल राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन जागरूकता के माध्यम से बालोद पुलिस द्वारा ग्राम लाटाबोड़ में महिलाओं को जागरूक किया गया। बालोद पुलिस द्वारा नए कानूनों को लेकर राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन जागरूकता कार्यक्रम ग्राम लाटाबोड़ में महिलाओं को कानून में हुए बदलाव के बारें में व कानून की नए नियमों की जानकारी दी। इसमें नए कानूनों के सही कियान्वयन के लिए उनकी बारीकियों को समझाया। पुलिस के नए कानून के तहत तलाशी और गिरफ्तारी के दौरान वीडियोंग्राफी करने के संबंध में जानकारी साझा की गई।









### कई धाराओं में किया गया है बदलाव

नए कानून के लागू होने के बाद पूरे देश में अब भारतीय दण्ड संहिता की परिभाषा बदल गई है, कई धाराओं में बदलाव किया गया है, जिसकी जानकारी आम लोगो तक पहुंचाने के लिए बालोद पुलिस द्वारा सीधा संवाद किया जा रहा है, साथ ही साथ महिलाओं को महिला अभिव्यक्ति एप्प, ऑनलाईन सायबर फ्राड, सायबर सुरक्षा की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम महिला सेल प्रभारी सउनि सीता गोस्वामी, महिला स्टाफ द्रौपत्ति साहू, सायबर सेल बालोद से आरक्षक योगेश गेडाम, रविकांत गंधर्व व कार्यक्रम अधिकारी मुकेश साहू, प्रीतिबाला साहू, चैतन्य संस्था व विहान, देहुती सोनकर, दीपा ध्रुव, गौरी साहू उपस्थित रहें।

# जाति प्रमाण पत्र बनाने स्कूलों में चलाया जा रहा विशेष अभियान

भास्कर दूत

**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर श्री आकाश छिकारा द्वारा उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा कार्यक्रम के तहत जिले में शिक्षा स्तर में बढ़ोतरी और शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में जाति प्रमाण पत्र प्रदाय अभियान के तहत स्कूल के छात्र छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने जिले में सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा द्वारा स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु विशेष रूचि लेते हुए सभी स्कूलों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप विगत चार माह में 31 हजार 369 बच्चों का स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है। इस हेतु सभी स्कूलों में जाति प्रमाण पत्र हेतु एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया व संकुल स्तर पर कैंप आईडी दिया गया है। कैंप आईडी के माध्यम से आवेदन करने पर कोई शुल्क देय नहीं होता, जिससे छात्रों का जाति प्रमाण पत्र निशुल्क जारी हो रहा है। शासकीय कामकाज और अन्य कार्यों मे जाति प्रमाण पत्र की जरूरत होती है। विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनने से पालकों को भटकना नहीं पड़ रहा है। जिले में स्कूली छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र हेतु 5 चरणों की कार्ययोजना बनाकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें ट्रेनिंग एण्ड टारगेट आईडेंटिफिकेशन करना है जिसके अंतर्गत जिले के सभी स्कूलों के एक शिक्षक को जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए नोडल बनाया गया है तथा उनको आवश्यक दस्तावेज तथा ऑनलाईन एंट्री के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, साथ ही प्रत्येक स्कूल के पहली से 12 वीं तक के ऐसे छात्रो का चिन्हांकन किया गया जिनका जाति प्रमाण पत्र बनाया जाना है। स्कूलों में ब्लैंक फार्म उपलब्ध कराना और फॉर्म का सरलीकरण करना है जिसके अंतर्गत स्कूली छात्रो के जाति प्रमाण पत्र हेतु कलर कोडेड प्री-प्रिंटेड आवेदन फॉर्म तैयार किया गया तथा फॉर्म का सरलीकरण किया गया ताकि केवल आवश्यक जानकारी ही ली जाए। लक्ष्य के अनुसार प्रथम चरण में 50 हजार आवेदन फॉर्म प्रिंट कराकर स्कूलों को उपलब्ध कराया गया। ऑनलाईन एंट्री हेतु संकुल स्तर पर कैम्प आईडी बनाया गया है। रिक्यूर्ड डॉक्यूमेंट्स को स्कूलों में उपलब्ध कराना एवं अफ्रुअल लेवल पर राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियो को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है ताकि समय सीमा में आवेदनों का निराकरण हो सके।




### विगत चार माह में बना 31 हजार 369 स्कूली बच्चों का स्थाई जाति प्रमाण पत्र

विगत चार माह में जिले के तहसील पामगढ़ में 10349, तहसील नवागढ़ में 2006, तहसील जांजगीर में 3575, तहसील अकलतरा 4298, तहसील चांपा में 1200, तहसील बलौदा में 4410, तहसील शिवरीनारायण में 827, तहसील बम्हनीडीह में 2043, तहसील सारागांव में 2661 स्कूली बच्चों का स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया है।

# 2 अक्टूबर को प्रदेश भर से आए हुए पत्रकार रायपुर में भरेंगे हुंकार

## पत्रकार सुरक्षा और पत्रकारों के अन्य समस्याओं पर केन्द्रित होगा यह महासम्मेलन

भास्कर दूत

**जांजगीर चांपा** । लंबे समय के जब लम्बे इंतजार के बाद आगामी 2 अक्टूबर को प्रदेश भर से पहुंचे आगंतुक पत्रकारों के हुंकार से राजकीय राजधानी में पत्रकारों का महासम्मेलन आयोजित होने जा रहा है, यहां बताते चलें जिसमें प्रदेश के सभी पत्रकार संगठन एक मंच पर आ गए हैं, जिसके कारण कोने-कोने से पत्रकारों के पहुंचने से राजधानी में एक नया ही माहौल देखने को मिलेगा, इस दौरान पत्रकारों के मध्य महामंथन के साथ ही महासम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है, इस सम्मेलन में पत्रकारिता के नए आयामो से लेकर पत्रकारों से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों को लेकर गहन विचार विमर्श होने की बात कही जा रही है, इस तरह से प्रदेश के पत्रकारों की एकजुटता को लेकर महासम्मेलन कि दरकार बना हुआ था और आखिरकार वह दिन आ ही गया जब प्रदेश भर से पहुंचे पत्रकार रायपुर स्थित आकाशवाणी केंद्र के समीप मैदान में एकत्र होकर महासम्मेलन का शंखनाद फूका जाने वाला है,यह सम्मेलन प्रदेश के पत्रकारिता में एक मील का पत्थर साबित होगा और पत्रकारिता के क्षेत्र को एक नया दिशा मिलने की संभावना के रूप में देखा जा रहा है, प्रदेश ही नहीं बल्कि जिस तरह से पूरे देश में पत्रकारों के अस्तित्व सहित सुरक्षा को लेकर जो हालात निर्मित हो रहा है उसे देखते हुए भी यह सम्मेलन बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा,,, । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश महासचिव और प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा, छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के जिलाध्यक्ष और प्रेस क्लब चांपा के सचिव मूलचन्द गुप्ता, छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के जिला महासचिव राजेश सिंह क्षत्रीय, छत्तीसगढ़ प्रेस क्लब के संभागाध्यक्ष और प्रेस क्लब चांपा के संरक्षक भृगुनंदन शर्मा, संभागीय महासचिव गौरव गुप्ता, जिलाध्यक्ष विक्रम तिवारी, जिला महासचिव आशीष अग्रवाल, संतोष देवांगन, बलराम पटेल, रामखिलावन यादव एवं अन्य पत्रकार बड़ी संख्या में रायपुर पहुंचेंगे।




# पति निकला पत्नी का हत्यारा,दोबारा संबंध बनाने से इंकार करने पर वारदात को दिया अंजाम

भास्कर दूत

**गरियाबंद।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का हत्यारा कोई और नहीं बल्कि उसका पति ही निकला, दोबारा संबंध बनाने से इंकार किया तो पत्नी की गला दबाकर मार डाला था, पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया, पूरा मामला छुरा थाना क्षेत्र का है।दरअसल 28 सितंबर को कसेकेरा गांव में अपने ही बेडरूम में आंगनबाड़ी कार्यकता 32 वर्षीय खेम बाई का शव संदिग्ध अवस्था में मिला था।मायके वाले की मांग पर पुलिस ने जांच शुरू की तो हैरान कर देने वाला कारण सामने आया, मृतिका का पति गोबिंद ध्रुव ही पत्नी का हत्यारा निकला,घटना स्थल की फोरेंसिक जांच और परस्थिति जन्य साक्ष्य पति की ओर इशारा कर रहा था। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो पति ने गला दबाकर हत्या करने की बात कही। आरोपी ने बताया कि रात 12 बजे के आसपास उसे दोबारा शारीरिक संबंध बनाने की इच्छा जाहिर हुई,पत्नी मना करती रही, इसी बीच पत्नी ने हाथों से गुप्तांग में मार दिया। हवस के नशे में चूर पति का गुस्सा दोगुना बढ़ गया, उसने होश हवास खो बैठा और पत्नी का गर्दन अपने हाथों से दबाकर उसकी जान ले ली।



### मायके में नौकरी करती थी मृतका:-

खेम बाई का मायका पीपरछेड़ी है, वह वहीं आंगनबाड़ी की नौकरी करती थी। आरोपी पति गोविंद की खेम के साथ दूसरी शादी थी, पहली पत्नी ढाई साल पहले तलाक देकर भाग गई थी। पति किसानी काम करता है, दो साल पहले ही मृतका से शादी हुई थी, लेकिन खेम अपने नौकरी का हवाला देकर ससुराल के बजाए मायके में ज्यादातर रहती थी। महीने में 5, 6 दिन पति को समय दे पाती थी। दोनों के कोई संतान भी नहीं थे,जबकि आरोपी वंश वृद्धि के लिए संतान चाहता था,समय न दे पाने को लेकर दोनों के बीच मामूली विवाद होता था।

### विधिवत कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजा जाएगा

*इस मामले में एसडीओपी निशा सिन्हा ने बताया कि आपसी विवाद के कारण आरोपी ने पत्नी का गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया, विधिवत कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।*

# स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छ रहने,स्वस्थ रहने किया जागरूक



भास्कर दूत

**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जिले में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान के तहत जिले नगर पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत में साफ सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया है। इस दौरान रैली, रंगोली, मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय एवं श्री ऋषि प्राइवेट आईटीआई बनाहिल अकलतरा में एन.एस.एस. इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर पकरिया( झूलन) में ईकाई द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से साफ-सफाई व वृक्षारोपण, रैली निकालकर लोगों को स्वच्छ रखने, स्वस्थ रहने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रो. बी.के. पटेल जिला संगठक एन.एस.एस. ईकाई डॉ. राकेश सोनी, प्रो. शारदा शर्मा, प्रो. गायत्री यादव, प्रो.ओ.पी. सोनी, प्रो. संतोष कुमार, प्रो.साक्षी, प्रो.सेजल, प्रो.संध्या सिंह, प्रो. रश्मि, प्रो.अशोक पांडे, मनीष गंधर्व, सुनीता पांडे समस्त अध्यापकगण छात्र छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार शासकीय एम एम आर पीजी महाविद्यालय चांपा में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस पर स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत स्वच्छता जीवन का एक अनिवार्य घटक विषय पर परिचर्चा , कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ डी. एन. बंजारे कर रहे थे।

# वैदिक गणित दुनिया को दिया हुआ भारत का अनमोल उपहार - रामरूप दास

## प्रांतीय वैदिक गणित मेला प्रारंभ

भास्कर दूत

**चांपा।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर की योजनानुसार प्रांतीय वैदिक गणित मेला 2024 का उद्घाटन समारोह रविवार 29 सितंबर को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा में संपन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि रामरूप दास महात्यागी मटकूद्वीप के प्रमुख स्वामी, विशिष्ट अतिथि योगेश्वर साहू विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोरबा विभाग रहे। समारोह की अध्यक्षता हनुमान कुमार देवांगन थे।



विद्यालयीन समिति के पदाधिकारी कमललाल देवांगन, गोपीचंद बरेठ, रविन्द्र सराफ, नंदकुमार देवांगन, दिनेश सिंह चंदेल, विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार कश्यप, प्रधानाचार्य कृष्णकुमार पाण्डेय मंच पर उपस्थित थे। माँ सरस्वती एवं भारतमाता के तैल चित्र पर पूजा अर्चना के बाद अतिथि स्वागत प्राचार्य अश्विनी कुमार कश्यप द्वारा एवं वैदिक गणित का प्रतिवेदन राजिम के प्राचार्य एवं वैदिक गणित प्रांत प्रमुख गोविन्द चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि रामस्वरूप दास महात्यागी ने कहा कि भारत ने शून्य के साथ-साथ, दशमलव भी निवेदि पद्धति का अविष्कार किया जो आज गणितीय अवधाराणाओं में प्रयोग होतो है। साथ ही आज के आधुनिक युग में प्रयोग होने वाले यूएसबी का अविष्कार भी हमारे भारत देश के अजय भट्ट ने किया गया जो किसी न किसी रूप हमारे दैनिक उपयोगी की जरूरत है। आज हजारों लाखों भारतीय छात्र एवं कई देश वैदिक गणित सीखने के लिए अग्रसर है। आज वैदिक गणित भारत का दुनिया को दिया गया अनमोल उपहार है। विशिष्ट अतिथि योगेश्वर साहू जी ने कहा कि वैदिक गणित स्वामी कृष्णतीर्थ की देन है। यह अमूल्य तकनीकों का संग्रह है। इसके माध्यम से बड़े-बड़े गणितीय संक्रियाओं को चुटकी में हल किया जा सकता है।

इस अवसर पर छत्तीगसढ़ प्रांत के निणयिक बंधु भगिनी वासुदेव श्रीवास, मालिकराम वर्मा, जितेन्द्र मिश्रा, भरत श्रीवासा, मनोज कननौजी, दीपचंद देवांगन, भोलाराम देवांगन, विकास देवांगन, पूनम महतो, वेदप्रकाश देवांगन, आर कल्पना पटनायक, लवचंद देवांगन, मंजू साहू भारती देवांगन, भगवती कश्यप, लालाराम साहू, कौशिल्या महेश, पुष्पा राठौर, अंशिका तिवारी, जैनेन्द्र पटेल, चंदन दास, दिव्या देवांगन, ममता देवांगन, अक्षय प्रजापति, पायल देवांगन, रोशन देवांगन, विश्वनाथ पटेल, चंदन पटेल, विद्यालय के पूर्व प्राचार्य राजेन्द्र सिंह ठाकुर, आचार्य ललित सिंह सेंगर, आचार्य बंधु-भगिनी सहित भैया बहिन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ललिता तिवारी एवं आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णकुमार पाण्डेय ने किया। साथ ही कार्यक्रम का सफल आयोजन हेतु व्यवस्था प्रमुख विजय देवांगन, वैदिक गणित प्रमुख संजीव कुमार बरेठ की प्रमुख भूमिका रही। उक्त जानकारी विद्यालय के आचार्य पुरुषोत्तम देवांगन ने दी।

## संक्षिप्त समाचार

### नवागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा दिव्यांगता जाँच



**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर श्री आकाश छिकारा निर्देशन में स्वस्थ जांजगीर चांपा अभियान के तहत जिले के नवागढ़ विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त रूप से दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर में 90 हितग्राहियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया साथ ही दिव्यांगजनों का स्वास्थ परीक्षण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड पंजीयन किया गया । कलेक्टर श्री छिकारा ने दिव्यांग जाँच शिविर के माध्यम से जिले के शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों का प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।शिविरों में पात्रतानुसार प्रमाणीकरण करते हुए प्रमाण पत्र का वितरण इसके साथ यूडीआईडी पंजीयन किया जा रहा है ।शिविर में अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित, बहुविकलांग, मानसिक विकलांग, मूकबधिर सहित अन्य दिव्यांग व्यक्तियों का चिन्हांकन, मूल्यांकन तथा परीक्षण किया गया।इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### घीना में शीतला मंदिर एवं ज्योति कलश मंदिर निर्माण श्रमदान एवं सहयोग से शुरू



**बालोद।** ग्राम घीना में आस्था का सैलाब गांव के मुख्य देवी शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार हेतु पूरा गांव उमड़ पड़ा है। गांव में त्यौहार मनाकर मंदिर का जीर्णोद्धार में श्रमदान कर काम मे जुटे हुए है जिससे गांव मे लोगो ने एकता भाईचारे की मिशाल पेश की हैं। शीतला मंदिर के अलावा ज्योति कलश हेतु कमरा भी निर्मित किया जा रहा है। लगता है ऐसी आस्था छत्तीसगढ़ का अनोखा आदर्श गांव है। इस कार्य मे समस्त ग्राम वासी के साथ साथ गणमान्य नागरिकों का विशेष सहयोग राशि प्रदान किया गया है, उक्त जानकारी सुखी राम पटेल और राजकुमार तारम, रूपसिंह रावटे ने दी।

### घीना की टीम ने मारी बाजी



**बालोद।** रविवार को ग्राम घीना (अर्जुन्दा) में क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमें प्रथम स्थान घीना की टीम रही। टीम को 15001 रुपये प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान गणेश खपरी 10001 रुपये, तृतीय स्थान रनचिरई 5001 रुपये चतुर्थ स्थान मटेवा 2501रुपये रहे, उक्त जानकारी रवि सिन्हा और रूपसिंह रावटे ने दी।

### पोषण माह के तहत विद्यार्थियों को किया जागरूक

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत बेमेतरा जिले के विकासखंड बेरला स्थित शासकीय महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को बाल संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय पोषण माह, नशा विरोधी अभियान, पोषण भी पढ़ाई भी और मिशन शक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का आयोजन ज़िला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, श्री चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया के निर्देशन में किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास अधिकारी, श्री सीपी शर्मा ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का नेतृत्व ज़िला बाल संरक्षण अधिकारी, श्री व्योम श्रीवास्तव ने किया, जिन्होंने बच्चों को बाल संरक्षण और उनके अधिकारों से अवगत कराया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को न केवल स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, बल्कि उन्हें नशे से दूर रहने और महिला सशक्तिकरण के महत्व को भी समझाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में सामाजिक जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सचेत करना था।

# ऑनलाइन लोन गेम का फैलता जाल और जुआ सट्टा जो महापाप कहलाता था आज ऑनलाइन गेम बन गया

कहा जाता है विज्ञान वरदान है तो अभिशाप भी पर आज ज्यादा अभिशाप बनता नजरआ रहा है। जो कि हम रोजमर्रा की जिंदगी में देख सकते है और आस पास के वातावरण में नजर आ जाता है। एक छोटे से पौधे को बचपन से केवल दवा का छिड़काव देकर बढ़ा किया जाए और एक पौधा को पानी धूप अच्छे खाद देकर बड़ा किया जाए तो दोनों में काफी फ़र्क़ नजर आता है । आज ऑनलाइन के ज़माने में मोबाइल की जरूरत हर जगह है छोटे छोटे बच्चे मोबाइल चलते नजर आते है ।

यहां तक देखा गया है जब छोटा बच्चे रोता है तो सीधे मोबाइल दे देते है । आज मोबाइल के इस युग मे बच्चे कब बड़े हो जा रहे है यह पता नहीं चलता जो बात बड़ो को पता नहीं होती बच्चों को जानकारी हो जाती है व क्या ये सही हो रहा हम किस दिशा मे जा रहे इस पर विचार करना बहुत ज्यादा जरूरी है । इसी ऑनलाइन के युग मे आज लगभग हर तरफ सोशल मीडिया में विज्ञापन गेम के आते है गेम खेलों पैसा जीतो एक समय जुआ सट्टा जो कि महापाप कहा जाता है और कोई खेलता भी था तो छुपकर पर आज वहीं जुआ सट्टा गेम के रूप में ऑनलाइन बच्चे तक खेलते नजर आ रहे है और यह चलता जा रहा। इस पर ना किसी का ध्यान है ना पाबंदी का प्रयास यह एक खतरनाक नशा सा बन गया है जो युवा पीडी को खोखली करती दिखाई पड़ती है। आज तक गेम से कोई जीता नहीं बस जीतने के होड़ मे पैसे गंवाये जा रहे उसके बावजूद लोग इसमे फंसते जा रहे है आज ए आई के ज़माने मे जो ऐप्लिकेशन चलता है वह आपकी मानसिकता पढ़ता है और जो आपकी मानसिकता जान ले आगे क्या होगा आप समझ सकते है। इसके लिए जागरुकता लाना बहुत आवश्यक है। इसी श्रृंखला में ऑनलाइन लोन एप्लिकेशन से लोग पैसे ले लेते है बगैर कुछ ध्यान दिए और बाद मे इसे फंसते



जाते है कि बाहर नहीं आ पाते । ये लोन एप्लिकेशन केवल आपको ब्लैक मेल कर पैसा निकालते है क्योंकि आपने अपने फोन से समस्त डाटा उन्हें दे दिया होता है दुगुना पैसा वापसी किया जाया है लोक लाज के भय से कहीं बोल नहीं पाते पर आज इतना जानकारी प्राप्त होने के बात भी लोग इस ऑनलाइन मायाजाल मे उलझते चले जा रहे है ।

हमे समझने की जरूरत है सही और गलत मे फ़र्क़ करने की जरूरत है जो एप्लिकेशन लिंक के माध्यम से मोबाइल मे इंस्टॉल किया जाता है वह सही नहीं होता उसको चेक भी किया जा सकता है । आप गूगल मे चेक करे प्ले स्टोर मे चेक करे क्या वह एप्लिकेशन को जगह दी गई है साथ ही जब आप लिंक के माध्यम से एप्लिकेशन इंस्टॉल करते है तो आपको कोई मैसेज आता है जिसे आप नजरअंदाज कर आगे बाद जाते है । आप कई ऑप्शन को क्लिक करते बगैर पढ़े आगे बाद जाते है बस यही से आप जाल मे फंसते जाते है आप ये जानते है कि आपका मोबाइल हैक हो गया आपके फोन नंबर सामने वाले ने हैक किया क्या आप जानते है आपका कैमरा भी उन्हें अधिकार मे ले लिया जाता है। आपको पता चलता नहीं वे कब कैमरा से आपको देख रहे फोटो ले रहे सोचिए कितना घातक हो सकता हैव इसलिए इस ऑनलाइन एप्लिकेशन को ईस्तेमाल करते समय हर बात ध्यान से पढ़े और आगे बढ़े और इस ऑनलाइन फ्रॉड के जाल से बाहर आने का सरल उपाय आप ही है । आपको हिम्मत दिखानी होगी क्योंकि वे देख लेते है आप अगर उनसे डर गए तो आप फंसे गए और आप डरे नहीं ब्लकि हिम्मत दिखाई तो आप बाहर आ गए। आज इन सब ऑनलाइन फ्रॉड एप्लिकेशन पर पाबंदी लगाना जरूरी है उससे पहले हमे खुद को जागरूक करना पढ़ेगा और आस पास के लोगों को भी जागरूक करना पढ़ेगा और एक कदम बढ़ाना होगा जिससे कोई इस ऑनलाइन मायाजाल में ना फंसे और इस सबसे बचे । अगर आपको अधिक जानकारी लेनी हो और कहीं आप किसी ऑनलाइन लोन या गेम एप्लिकेशन का शिकार हुए है तो आप हमे जरूर जानकारी दीजिए हो सकता है आपको जो जानकारी मिले वहां इस मायाजाल से बाहर लाने मे सहयोग करे या किसी और को इन सब चक्कर से बाहर ला सके । सतर्क रहे जागरूक बने ।



डॉ जतिंदरपाल सिंह

प्रदेश अध्यक्ष

एन एच आर सी सी बी छत्तीसगढ

---

## संपादकीय

# बैठे बिठाए भाजपा को आक्सिजन

ताजा प्रसंग हरियाणा का है। वहां कांग्रेसियों ने बैठे बिठाए भाजपा को आक्सिजन दे दी। टिकट बंट गए। लोगों ने नामांकन भर दिए। नाम वापसी की तारीख खतम हो गई फिर अचनानक कुमारी सैलजा को याद आया कि उनके गुट को टिकट कम मिले हैं तो वे जा कर कोपभवन में बैठ गईं। कांग्रेस हाईकमान और ज्यादा खुशामद में लग गया। खुद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दो बार सैलजा से मुलाकात की। उनके बर्थ डे पर खूब हंसते हुए जैसे उनके फोटो आमतौर पर दिखते नहीं मिठाई खिलाई। और मुख्यमंत्री पद का आश्वासन दिया। कांग्रेस में क्षत्रप कब पैदा होते हैं? तब जब हाईकमान कमजोर होता है। और क्षत्रपों के ताकतवर होने से क्या होता है? कांग्रेस एक के बाद एक चुनाव हारने लगती है। नेता का अच्छा होना, सरकार से नहीं डरना, आम लोगों से खूब घुलना मिलना अलग बातें हैं। ताजी हवा का झौंका भी है मगर अपनी पार्टी के लोगों से अपनी बात नहीं मनवा पाना, उनके छोटे-छोटे दबावों के सामने झुक जाना अच्छे नेतृत्व की निशानी नहीं है।

भारत में नेता घोड़े वाला ही चलता है। नकेल डाले हुए अपने को दमदार दिखाता हुआ। हमारे यहां दुल्हे भी इसीलिए घोड़े पर बिठाकर, तलवार बांध कर, साफा पहने हुए पीछे बारात के साथ ही शोभायमान माने जाते हैं। दुल्हे में दम हो या ना हो मगर हाथ तलवार की मूठ पर ही रहता है। तलवार, घोड़ा और साफा शक्ति के प्रतीक माने जाते है।

इसलिए नेता को भी शक्तिशाली दिखना पड़ता है। नरेंद्र मोदी क्यों कहते हैं कि 56 इंच की छाती! और राहुल को क्यों जवाब देना पड़ता है कि अब नहीं रही? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व प्रदर्शन और नेता विपक्ष राहुल गांधी के इसी को तोडने् की कोशिश में ही राजनीति का सारा खेल है। ममता बनर्जी क्यों रणचंडी बनी रहती हैं? लालू यादव क्यों अपनी खराब सेहत के बावजूद बीच-बीच में आकर गरजते हैं? उद्धव ठाकरे जिनकी छवि एक सज्जन और विनयशील नेता की थी क्यों अब मोदी और अमित शाह को उन्हीं की भाषा में चैलेंज करते हैं ? और यूपी में अखिलेश यादव को

क्यों अचानक बदले हुए रूप में सामने आना पड़ा? केवल और केवल जनता के सामने और उससे पहले अपनी पार्टी के बीच में दबंग दिखने के लिए। दबंग आज के समय में खराब अर्थों में प्रयोग होने लगा हो मगर कभी तो न दबने वाले विद्रोहियों के लिए जो गलत लोगो के सामने खड़े होते थे उनके लिए प्रयुक्त होता था, बांके ! आज तो प्रचलन में नहीं रहा।

मगर कभी दबंग के बदले बांके प्रयुक्त होता था। भगवतीचरण वर्मा की मशहूर कहानी दो बांके! इस पर बहुत फिल्में विल्में भी बनी हैं। गजब कहानी है। पढ़ कर देखिएगा। अब यह लिखने की तो जरूरत नहीं कि भगवतीचरण वर्मा बहुत बड़े लेखक थे।

वैसे आजकल हालत यही हो गई है कि लोगों का पढने् लिखने से नाता खतम करवा दिया गया है। सत्ता पक्ष में किसी का नाता साहित्य से नहीं है। जिस दिन सुषमा स्वराज ने वाजपेयी के मंत्री के रूप में राज्यसभा में सीपीआईएम की सदस्य सरला माहेश्वरी के प्रेमचंद को कोर्स से क्यों हटाया, के सवाल के जवाब में यह कहा था कि क्या प्रेमचंद, प्रेमचंद करते रहे हैं तो हम समझ गए थे कि यह साहित्य को भी नहीं बचने देंगे। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कुछ नहीं बोला।

---

# बोझिल नियमों से मुक्त हो विनिर्माण क्षेत्र, एमएसएमई और उभरते उद्योगों पर देना होगा ध्यान

मेक इन इंडिया मोदी सरकार की एक प्रमुख योजना है। 25 सितंबर, 2014 को शुरू हुई यह योजना दस वर्ष पूरे कर चुकी है। इस अभियान के कुछ घोषित लक्ष्य थे, जैसे विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 12-14 प्रतिशत प्रति वर्ष करते हुए 2022 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण के योगदान को 25 प्रतिशत तक बढ़ाना और 2022 तक अर्थव्यवस्था में विनिर्माण क्षेत्र की 10 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां पैदा करना।

अब इन लक्ष्यों को 2025 तक बढ़ा दिया गया है। हालांकि मौजूदा गति और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2030 तक भी पूरा होता नहीं दिख रहा है। कोविड महामारी के दौरान यह प्रचारित किया गया कि चीन छोड़ने वाली कंपनियां भारत में आएंगी,



निर्यात बढ़ाने के लिए पीएलआई योजना को एमएसएमई और उभरते उद्योगों तक बढ़ाया जाना चाहिए। भारत भविष्य में खुद को अगला वैश्विक कारखाना बना सकता है बशर्ते बोझिल नियमों से विनिर्माण क्षेत्र को मुक्त किया जाए। सरकार को यह समझने की जरूरत है कि संसद के माध्यम से कोई विधेयक पारित करना निवेशक सम्मेलन आयोजित करना आदि औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त नहीं।

लेकिन इनमें से अधिकांश ने वियतनाम, ताइवान एवं थाइलैंड की राह पकड़ी और केवल कुछ ही भारत आईं। यह सच है कि सरकार निरंतर आर्थिक विकास करने और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में प्रासंगिकता बढ़ाने के लिए एक प्रतिस्पर्धी और गतिशील वातावरण बनाने का प्रयास कर रही है और इसके अच्छे परिणाम भी कुछ क्षेत्रों में दिख रहे हैं। भारतीय कंपनियों द्वारा कोविड टीकों का विकास एक बड़ा उदाहरण है।

सरकार के प्रयासों के कारण 2014-2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ा है। परंपरागत रूप से खिलौनों का आयातक रहा भारत अब निर्यातक बन गया है। अप्रैल-अगस्त 2022 में भारत के खिलौना निर्यात में 2013 की समान अवधि की तुलना में 636 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी तरह मोबाइल उत्पादन 2014-15 में 18,900 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 4,10,000 करोड़ रुपये के अनुमानित बाजार तक पहुंच गया।

डॉ. ब्रजेश कुमार तिवारी

---

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज पारिवारिक सुख-सुविधाओं पर खर्चा ज्यादा हो सकता है लेकिन इनकम अच्छी होने से तनाव नहीं रहेगा। आज आप बच्चों के साथ धैर्य रखते हुए व्यवहार करेंगे तो आप उनके प्रिय व्यक्ति बन जाएंगे।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज अपनी काबिलियत और मेहनत पर भरोसा रखें तो आज कठिन काम भी थोड़ी कोशिश से ही पूरे हो सकते हैं। आज रिश्तेदार से आपको अच्छी खबर मिल सकती है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको प्रभावशाली लोगों के साथ काम करने का मौका मिलेगा इससे आपको महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। मानसिक शांति रहेगी। आज रोजमर्रा के काम पहले की तरह चलते रहेंगे।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपके रुके कामों में तेजी आएगी। आज परिवार के लोगों से महत्वपूर्ण मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श होगा। आज आपके घर में धार्मिक आयोजन का विचार भी बनेगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है।आज शाम तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आज प्रॉपर्टी से जुड़े मुद्दों पर चल रहे विचार विमर्श में सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। आज महिलाएं अपनी पर्सनैलिटी को लेकर अवेयर रहेंगी।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है।आज घर के बुजुर्गों से प्रेम और आशीर्वाद मिलेगा। आज थोड़ा वक्त धार्मिक और सामाजिक कामों में बीताएं। इससे मानसिक शांति मिलेगी। आज आर्थिक निवेश के लिए दिन अच्छा है।

**तुला**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी कोई इच्छा भी पूरी हो सकती है। आज मेहनत के मुताबिक नतीजे नहीं मिलने से मन थोड़ा उदास रहेगा। आज ज्यादा काम करने से आाप शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से थक सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है।आज दोस्तों और कुछ साथियों के साथ योजनाएं बनेंगी। आज घर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए ज्यादा काम रहेगा। आज पूरे मन और ताकत से उन्हें पूरा करने में सक्षम रहेंगे। आज व्यवस्थित दिनचर्या रखें।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी है। इसका इस्तेमाल करना आपकी काबिलियत पर निर्भर करता है। आज आपको मुश्किल सवाल का जवाब भी आसानी से मिल सकता है। आज दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपका कोई सरकारी मामला सुलझ सकता है। जिससे आपको मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आज रिश्तेदार के किसी विवाद में आपकी मौजूदगी निर्णायक रहेगी। आपकी बुद्धिमानी और सूझबूझ की तारीफ भी होगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिवार की सुख-सुविधा संबंधी चीजों की शॉपिंग करेंगे। आज आपके कुछ पर्सनल काम भी पूरे होंगे। कभी-कभी परिवार वालों के विचार आपकी परेशानी का कारण बन सकते हैं। आज अपने व्यवहार और विचारों को संयमित रखें।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी भी परिस्थिति में अपने काम पूरे करने की ताकत रखेंगे। आज समाज और परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा। आज किसी खास काम से यात्रा हो सकती है।

---

# मन की बात के दस वर्ष... प्रधानमंत्री ने जनता को विभिन्न विषयों के प्रति किया जागरूक

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम को लेकर जो प्रसन्नता प्रकट की और भावुक होकर इस कार्यक्रम की उपलब्धियों को रेखांकित किया, वह स्वाभाविक ही है, क्योंकि आम जनता से संवाद के इस लोकप्रिय कार्यक्रम के दस वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। निश्चित रूप से यह एक अनूठी उपलब्धि है, क्योंकि इस कार्यक्रम के जरिये प्रधानमंत्री राजनीतिक मुद्दों से इतर विषयों पर चर्चा करते हैं और वह भी इस तरह कि लोग उससे प्रेरित होते हैं। इसकी मिसाल मिलनी कठिन है कि किसी शासनाध्यक्ष ने इतने लंबे समय तक रेडियो कार्यक्रम के जरिये आम जनता से संपर्क-संवाद का सिलसिला कायम रखा हो। इस कार्यक्रम की व्यापकता और लोकप्रियता का अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि यह 22 भाषाओं और विभिन्न बोलियों में प्रसारित होता है। इसके अतिरिक्त इसे कई विदेशी भाषाओं में भी सुना जा सकता है। स्पष्ट है कि इस कार्यक्रम को देश के साथ विदेश में भी लोग सुनते हैं। इस कार्यक्रम के जरिये प्रधानमंत्री ने आम जनता को विभिन्न विषयों के प्रति जागरूक करने का काम किया है। बात चाहे पर्यावरण सुरक्षा की हो अथवा बेटी बचाओ अभियान




*प्रधानमंत्री ने इस बार मन की बात कार्य म में एक बार फिर जनता से अपील की कि दीवाली के अवसर पर लोग स्वदेश निर्मित वस्तुएं खरीदें और यह भी सुनिश्चित करें कि उपहार में किसी को जो सामग्री भेंट करें वह भी मेक इन इंडिया हो। उन्होंने झांसी समेत देश के विभिन्न हिस्सों में जल संरक्षण की पहल का भी उल्लेख किया।*

को लोकप्रिय बनाने की या फिर आम जनजीवन से जुड़े ऐसे ही अन्य अनेक मुद्दों की। यह कार्यक्रम इस बात का परिचायक है कि किस तरह आम जनता को उन विषयों के प्रति जोड़ा जा सकता है और उनमें उसकी भागीदारी बढ़ाई जा सकती है जो किसी न किसी रूप में उसके जीवन को प्रभावित करते हैं। आज यदि स्वच्छ भारत अभियान एक बड़ी हद तक प्रभावी दिख रहा है तो इसके पीछे मन की बात कार्यक्रम की भी एक बड़ी भूमिका है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने शायद सबसे अधिक बार इस अभियान की चर्चा की है। भले ही विपक्षी दल इस कार्यक्रम को लेकर तंज कसते हों, लेकिन सच यही है कि प्रधानमंत्री इसमें केवल अपने मन की ही बात नहीं करते, बल्कि वह आम जनता के मन की बात देश के लोगों तक पहुंचाते हैं। इसके लिए वे लोगों के सुझाव आमंत्रित करते हैं, जो उन्हें चिट्ठियों और ऑडियो-वीडियो संदेशों के जरिये मिलते रहते हैं। स्वच्छता और जल संरक्षण के मामले में इस तरह के अनेक कार्य देश के दूसरे हिस्सों में आम लोगों ने मिलकर किए हैं। ऐसे कार्य यही बताते हैं कि यदि आम जनता को सही नेतृत्व मिल सके और उन्हें प्रेरणा प्रदान की जा सके तो समाज और राष्ट्र के हित में ऐसे अनेक कार्य हो सकते हैं। यह सही है कि सकारात्मक गतिविधियां प्रेरित करती हैं, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि आज की राजनीति में नकारात्मकता बढ़ती जा रही है।

---

# एक साथ चुनाव का बेतुका विरोध, नेहरू के दौर में इससे लोकतंत्र मजबूत होता था तो आज कमजोर कैसे हो जाएगा

संविधान निर्माताओं को इस देश के मतदाताओं के विवेक पर पूरा भरोसा था। उन्हें यह अनुभूति थी कि मतदाता राष्ट्रीय हितों के साथ ही अपने राज्य के हितों का भी ध्यान रख सकते हैं। इसीलिए संविधान में 'एक राष्ट्र और अलग-अलग चुनाव' जैसी कोई व्यवस्था नहीं की, क्योंकि एक साथ चुनाव से उन्हें संघवाद पर कोई खतरा नजर नहीं आया। कुछ समय तक एक साथ चुनाव का सिलसिला भी सुगमता से चला, लेकिन इतिहास गवाह है कि 1971 में अलग चुनाव कराने का इंदिरा गांधी का फैसला देशहित




में न होकर अपने स्वार्थ से जुड़ा था। उसमें सुधार अब समय की जरूरत है। संविधान निर्माता जानते थे कि देश के मतदातागण इतने विवेकशील हैं कि वे एक ही चुनाव के समय लोकसभा के लिए एक पार्टी और उसी चुनाव में विधानसभा के लिए दूसरी पार्टी को वोट दे सकते हैं। स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व उप-प्रधानमंत्री जगजीवन राम कहा करते थे कि 'तमाम भारतीय मतदाता भले निरक्षर हैं, पर वे बेवकूफ नहीं हैं।' वर्ष 1957 के चुनाव में केंद्र में जहां कांग्रेस सरकार कायम रही, वहीं केरल में पहली बार गैर-कांग्रेसी कम्युनिस्ट सरकार बनी। यह सिलसिला समय के साथ और तेज हुआ। वर्ष 1967 आखिरी ऐसा अवसर था जब केंद्र और राज्यों के चुनाव एक साथ हुए थे। तब केरल सहित सात राज्यों के विधानसभा चुनावों में गैर-कांग्रेसी सरकारें बनीं, जिनमें से एक राज्य बिहार भी था।

तब बिहार में लोकसभा की 53 सीटें थीं। उनमें से 34 सीटें यानी आधी से अधिक कांग्रेस को मिली थीं, मगर विधानसभा चुनाव में उसे बहुमत नहीं मिल सका।

---

## //सेवा सियान के//

रखै नहीं सेवा भाव, चढ़े रथे रोज ताव,
जियत मा रोज रोज, झगरा मतात हे।।
आड़ी कॉड़ी करै नहीं, कोनो कोती टरै नहीं,
बेटा बहू गारी दे के, आँखी ला देखात हे।।
नीम कस करू बोली, भूलगे हँसी ठिठोली,
बूढ़त मा डोकरी ला, बड़ तरसात हे।।
भात साग देवैं नहीं, सुध कोनो लेवैं नहीं,
खटिया मा परे रथे, परोसी बतात हे।।
दाई अब बोझा होगे, बूढ़त मा दुःख भोगे,
अँचरा मा ऑसू पोंछ, पीरा ला? लुकात हे।।
मोह माया छूटगे हे, मन अब टूटगे हे,
धुक धुक हिया करे, देह घुन खात हे।।
झन कर अपमान, महतारी हे सियान,
बेटा बन राम कस, 'प्रियू' समझात हे।।
बहू कर सास सेवा, मिलही अबड़ मेवा,
तोरो होही इही गति, समय के बात हे।।

प्रिया देवांगन 'प्रियू'
राजिम
जिला - गरियाबंद छत्तीसगढ़



## रखिए अपने दिल का ख्याल

दिल पर बोझ मत डालिए,
दुखों को हुजूर मत पालिए,
जिंदगी का मजा लीजिए,
गमों को रफा-दफा कीजिए ।
थोड़ा टहलने का 'आनंद' लीजिए,
प्राकृतिक हीलिंग खुद की कीजिए,
मन मस्तिष्क में सुविचार रखिए,
सात्विकता का अनुसरण कीजिए ।
रखिए अपने दिल का ख्याल,
इसकी सुरक्षा न बने सवाल,
जैसा खाएंगे अन्न,वैसा होगा मन,
शुद्ध विचारों से चमकेगा जीवन ।
सुपाच्य ताजा भोजन करे पसंद,
फार्स्ट फूड हो अब तुरंत बंद,
तामसिक आहार का हो त्याग,
खाली न रहे आपका दिमाग ।
स्वाध्याय हो सात्विक चिंतन,
प्राणायाम से सुचारू हो धड़कन,
स्वस्थ हो शरीर संग मधुर वाणी,
सद्गुणों को अपनाले ऐ प्राणी ।

- मोनिका डागा 'आनंद',
चेन्नई, तमिलनाडु



## सोहरगीत : // बेटी जनम भये //

बेटी जनम भये...तोरे कोख ले ,
हो बहिनी मोर... बेटी जनम भये ना।
जगमग जगमग करै,
तुँहरे दुवारी हो।
घात सुघर कैना,
जस जनक-कुमारी हो।
हो बहिनी मोर....
धिनक-धिन ढोल बजै,
बजै झाँझ-मँजीरा हो।
आज तैं भुलै-बिसरै,
सबर दिन के पीरा हो।
हो बहिनी मोर....
जग मा बेटी मिलै,
बड़ भागमानी ला हो।
पुन्य ले बेटी सिरजै,
जनम-जनम के दानी ला हो।
हो बहिनी मोर....

टीकेश्वर सिन्हा
गब्दीवाला



---

## शब्द सामर्थ्य- 391

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

## शब्द सामर्थ्य - 390

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | | | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू-दोकू क्र. 391

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र. 390 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# 2047 तक तीन ट्रिलियन डॉलर की पर्यटन अर्थव्यवस्था बनना भारत का लक्ष्य

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने 2047 तक तीन ट्रिलियन डॉलर की पर्यटन अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। भारत तेजी से दुनिया के पसंदीदा पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है।



साल 2022 में 64.4 लाख विदेशी और 78.9 लाख एनआरआई समेत कुल 1.43 करोड़ अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक भारत आये थे और इस क्षेत्र का राजस्व 17.6 अरब डॉलर रहा था। देश में 2023 में 92.4 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन हुआ, जो महामारी के बाद सकारात्मक सुधार का संकेत है। एक साल पहले की तुलना में यह 43.5 प्रतिशत की वृद्धि है।

इस वर्ष, जनवरी से जून तक विदेशी पर्यटकों का आगमन (एफटीए) लगभग 47.8 लाख रहा। जून के महीने में, विदेशी पर्यटकों का आगमन 7,06,045 रहा, जबकि जून 2023 में यह 6,48,008 था। इस प्रकार साल-दर-साल आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार के अनुसार, कुछ चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, यह क्षेत्र निरंतर फल-फूल रहा है, जिसे बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, सस्टेनेबल प्रथाओं को बढ़ावा देने और समग्र आगंतुक अनुभव को समृद्ध करने के उद्देश्य से विभिन्न रणनीतिक पहलों से बल मिल रहा है।

बाधाओं को दूर करने और अवसरों का लाभ उठाने की प्रतिबद्धता के साथ, भारत एक अग्रणी वैश्विक पर्यटन स्थल बनने की राह पर है। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, 'चलो इंडिया' अभियान के तहत, भारत आने वाले पहले एक लाख विदेशियों को नि:शुल्क वीजा मिलेगा और सरकार वीजा शुल्क माफ करेगी।

मंत्रालय ने नए सिरे से बनाए गए अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल पर अतुल्य भारत कंटेंट हब भी लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य टूर ऑपरेटरों, पत्रकारों, छात्रों, शोधकर्ताओं, फिल्म निर्माताओं, लेखकों, प्रभावशाली लोगों, कंटेंट क्रिएटर्स, सरकारी अधिकारियों और राजदूतों सहित विभिन्न हितधारकों के उपयोग के लिए है।

# सेल में मंगवाया आईफोन हो सकता है नकली, इस तरह करें असली की पहचान

नई दिल्ली । भारत में त्यौहारों का सीजन शुरू होते ही आनलाइन शापिंग साइटों पर लोगों को धमाकेदार आफर दिए जा रहे है। जिन पर भारी भरकम डिस्काउंट भी दिया जा रहा है। इस बीच लोग आईफोन ज्यादा खरीद रहे है। लेकिन कई लोगों के मन में ये संशय बना रहता है कि आन लाइन खरीदा गया फोन सही होगा या नहीं, कहीं नकली तो नहीं होगा। ऐसे में अगर आप भी आईफोन खरीदने का प्लान आनलाइन कर रहे है तो ये जानकारी आपके काम आ सकती है।



## ऐसे करें आईफोन की पहचान

आईफोन में ट्रू टोन नाम का एक फीचर दिया गया है। जिसमें आप आईफोन की डिस्प्ले चैक कर सकते है कि वह असली है या नकली। अगर डिस्प्ले ऑरिजनल है तो आपको आईफोन की सेटिंग्स में ये फीचर मिल जाएगा, लेकिन अगर फोन में लोकल डिस्प्ले लगाकर आपको बेचा गया है तो फोन की सेटिंग्स में ये फीचर नहीं मिलेगा। क्योंकि ये फीचर केवल एपल की ऑरिजनल स्क्रीन के साथ ही काम करता है।

## सीरियल नंबर

फोन ऑन करने से पहले आईफोन के रिटेल बॉक्स पर दिए गए सीरियल नंबर की मदद से भी आप इस बात का पता लगा सकते हैं कि जो आईफोन आपको डिलीवर हुआ है वो असली है या फिर नहीं। एपल की ऑफिशियल साइट के इस लिंक पर जाने के बाद फोन पर दिए गए सीरियल नंबर को डालें। इसके बाद आपके सामने फोन की पूरी डिटेल आ जाएगी जैसे कि डिलीवर हुआ फोन वाकई एपल कंपनी का है भी या नहीं।

इस तरह आप आईफोन को अच्छे से चैक कर सकते है। तांकि आप किसी भी फ्राड का शिकार न हो पाएं।

शेयर मार्केट में भारी गिरावट

# सेंसेक्स 700 और निफ्टी 250 अंक लुढ़का; इन शेयरों में दिखी हलचल

मुंबई । ग्लोबल बाजार में गिरावट का असर सोमवार को भारतीय घरेलू बाजार में भी देखने को मिल रहा है। भारतीय बाजार के लिए हफ्ते के पहले कारोबारी दिन निराशा के साथ शुरुआत हुई है। आज सेंसेक्स और निफ्टी में जोरदार गिरावट देखी जा रही है और बैंक निफ्टी बाजार खुलने के कुछ ही देर में 600 अंकों से ज्यादा की डुबकी लगा चुका है। शेयर बाजार की निराशाजनक शुरुआत के पीछे ग्लोबल संकेत जिम्मेदार हैं और आज जापान के बाजार में जोरदार गिरावट देखी गई। सुबह 11 बजे के करीब सेंसेक्स जहां 782 अंक टूटकर 84,799.15 के स्तर पर कारोबार कर रहा है वहीं, निफ्टी में भी 250 से ज्यादा अंकों की गिरावट देखी जा रही है। शेयर बाजार में बीते सप्ताह जोरदार तेजी देखने को मिली थी और लगभग हर रोज सेंसेक्स-निफ्टी नया रिकॉर्ड बना रहे थे लेकिन हफ्ते के पहले कारोबारी दिन अचानक बाजार की रफ्तार पर ब्रेक लग गया और दोनों इंडेक्स बुरी तरह टूट गए।



सेंसेक्स ने अपने पिछले बंद 85,571 की तुलना में गिरावट के साथ 85,208 के लेवल पर कारोबार शुरू किया और कुछ ही मिनटों में ये 744.99 अंक के करीब फिसलकर 84,824.86 के लेवल पर आ गया। निफ्टी भी बुरी तरह टूटा और अपने पिछले बंद 26,178.95 के लेवल से गिरावट लेते हुए 26,061 पर ओपन हुआ और देखते ही देखते 211.75 अंक टूटकर 25,967.20 के लेवल पर आ गया। कारोबार की शुरुआत में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी 50 में हिंडाल्को, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील और ब्रिटानिया टॉप गेनर रहे। 30 सितंबर को निफ्टी 50 में हीरो मोटोकॉर्प, टेक महिंद्रा, कोल इंडिया, एमएंडएम और आईसीआईसीआई बैंक टॉप लूजर स्टॉक्स के तौर पर उभरे।

# लोकेश कनगराज ने कुली का नया पोस्टर किया जारी, देवा बनकर रजनीकांत मचाएंगे धमाल



निर्देशक लोकेश कनगराज ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी आगामी निर्देशित फिल्म कुली का एक धांसू पोस्टर साझा किया है, जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत बेहद ही स्टाइलिश और अनोखे अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म कुली के इस नए पोस्टर को देकर प्रशंसक बेहद खुश हैं और इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

निर्देशक लोकेश कनगराज ने एक्स पर अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म कुली का एक पोस्टर साझा किया है, जिसमें कुली के किरदार में रजनीकांत को देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश और उत्साहित हैं। निर्देशक लोकेश कनगराज की आगामी एक्शन फिल्म कुली के लिए सभी कलाकारों की घोषणा 28 अगस्त को हुई थी। निर्माताओं ने अब सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म में उनके नाम देवा के खुलासे के साथ किया। सोमवार को निर्देशक लोकेश ने खुद थलाइवा का एक पोस्टर साझा किया, जिसमें उनके किरदार का नाम बताया देवा।

इस पोस्टर में आप साफ देख सकते हैं कि रजनीकांत को एक सुनहरी प्लेट के पीछे की ओर देखते हुए देखा जा सकता है, जो एक आर्म बैज प्रतीत होता है, जिसके सामने 1421 नंबर लिखा हुआ है। उनके हाव-भाव से ऐसा लगता है कि उन्हें कुछ ऐसा मिल गया है जिसकी उन्हें तलाश थी, जबकि उनके हाव-भाव बेहद ही आकर्षक दिखाई दे रहे हैं। कुली के बाकी सभी कैरेक्टर्स का भी पोस्ट पहले ही जारी किया जा चुका है। रजनीकांत का पोस्टर भी काले और सफेद रंग में है, जिसमें प्लेट के सुनहरे रंग को उजागर करने के लिए गोल्डन रंग का प्रयोग किया गया है।

# बंगाली फिल्म बोहरूपी का नया गाना हुआ रिलीज, दाकतिया बंशी पर झूमे लोग

टाइम्स म्यूजिक की डिविजन जंगली म्यूजिक और विंडोज प्रोडक्शन मिलकर बंगाली फिल्मों की सनसनीखेज लाइनअप के साथ एक बार फिर दर्शकों को एंटरटेन करने की तैयारी कर रहे हैं. ये पावरहाउस कोलैबोरेशन साल 2013 से बंगाली सिनेमा में एक बेंचमार्क रहा है. वहीं अब जंगली म्यूजिक और विंडोज प्रोडक्शन ने अपनी चार अपकमिंग फिल्मों में से दो के नाम भी जारी कर दिए हैं.इनमें से पहली फिल्म बोहरूपी है जो अक्टूबर 2024 को रिलीज होगी. वहीं दूसरी फिल्म अमर बॉस है. ये मूवी दिसंबर 2024 में रिलीज होगी. इन दो फिल्मों के अलावा दो और के भविष्य में रिलीज करने की तैयारी की जा रही है. बता दें कि जंगली म्यूजिक और विंडोज प्रोडक्शन ने इससे पहले भी कई बंगाली फिल्मों के जरिए धमाल मचाया है. इनमें बेलाशे, बेलाशुरू, गोत्रो, कोन्थो और रोसोगोला जैसी फिल्में शामिल हैं।



# देवरा के आगे भी स्त्री 2 का चला जादू, 44वें दिन कर डाली इतनी कमाई



राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' को रिलीज हुए लगभग डेढ़ महीना हो गया है. इस फिल्म को दर्शकों ने भी खूब प्यार दिया. दौरान 'स्त्री 2' ने खूब कमाई की और साल 2024 की सबड़े बड़ी हिंदी फिल्म बन गई. चलिए यहां जानते हैं कि इस फिल्म ने रिलीज के 44वें दिन कितना कलेक्शन किया है 'स्त्री 2' इस 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी तब से ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर टिकी हुई है और ये पिछले डेढ़ महीने से धुआंधार नोट छाप रही है. ये फिल्म अब तक अपन लागत से कई गुना ज्यादा कमाई कर चुकी है और अब भी ये बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ ढीली नहीं कर रही है. यहां तक कि सिनेमाघरों में अब जूनियर एनटीआर की 'देवरा' रिलीज हो गई है. इस फिल्म ने बंपर ओपनिंग की है. लेकिन लेटेस्ट रिलीज 'देवरा' का भी 'स्त्री 2' की कमाई पर कोई खास असर नहीं पड़ा है और ये सातवें शुक्रवार भी दर्शक बटोरने में कामयाब रही. इन सबके बीच इस हॉरर कॉमेडी के कलेक्शन की बात करें तो 'स्त्री 2' ने पहले हफ्ते में 307.80 करोड़ की कमाई की थी. दूसरे हफ्ते में फिल्म का कलेक्शन 145.80 करोड़ रुपये रहा. तीसरे हफ्ते में 'स्त्री 2' ने 72.83 करोड़ का बिजनेस किया. वहीं चौथे हफ्ते में फिल्म ने 37.75 करोड़ की कमाई की जबकि पांचवें हफ्ते में 'स्त्री 2' ने 25.72 करोड़ रुपये और छठे हफ्ते में 19.72 करोड़ का कारोबार किया. इसी के साथ 'स्त्री 2' की छ हफ्तों यानी 43 दिनो का कुल कलेक्शन 609.62 करोड़ रुपये हो गया है।

## खेल



ब्रिस्टल। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 5वें वनडे में ष्ठरुस् मेथड से 49 रन से हरा दिया। इंग्लैंड ने पहले खेलते हुए 309 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 20.4 ओवर में 2 विकेट खोकर 165 रन बना लिए थे। तभी बारिश शुरू हो गई। खेल दोबारा शुरू नहीं हो सका और ऑस्ट्रेलिया ने DLS मेथड से मैच जीत लिया।आखिरी मुकाबले में टीम से ट्रैविस हेड ने 4 विकेट लिए। इंग्लैंड से बेन डकेट ने सेंचुरी लगाई। 5वें वनडे में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज भी 3-2 से अपने नाम कर ली।

# ऑस्ट्रेलिया ने 49 रन से जीता 5वां वनडे

हेड को 4 विकेट, इंग्लैंड से डकेट ने लगाई सेंचुरी; सीरीज 3-2 से कंगारुओं के नाम

ब्रिस्टल के काउंटी ग्राउंड पर रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। इंग्लैंड ने तेज शुरुआत की और 7 ही ओवर में स्कोर 58 रन तक पहुंचा दिया। फिल सॉल्ट 45 रन बनाकर आउट हुए, उनके बाद विल जैक्स खाता भी नहीं खोल सके।

## डकेट ने लगाई सेंचुरी

बेन डकेट ने फिर कप्तान हैरी ब्रूक के साथ पारी संभाली और टीम को 25 ओवर में ही 200 रन के पार पहुंचा दिया। ब्रूक 52 बॉल में 72 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद इंग्लैंड ने लगातार विकेट गंवाना शुरू कर दिया। जैमी स्मिथ 6, लियम लिविंगस्टन 0, जैकब बेथेल 13 और ब्रायडन कार्स 9 रन के स्कोर पर आउट हुए। डकेट एक एंड पर खड़े रहे और सेंचुरी लगाकर आउट हुए।



## हेड को 4 विकेट

इंग्लैंड की अच्छी शुरुआत पर कंगारू स्पिनर्स ने ब्रेक लगाया। टीम से ट्रैविस हेड 4 विकेट लिए, वहीं एडम जम्पा और ग्लेन मैक्सवेल को 2-2 सफलताएं मिलीं। 2 विकेट आरोन हार्डी ने भी लिए। इंग्लैंड 49.2 ओवर में 309 रन बना सका। आदिल रशीद ने आखिर में 36 रन बनाकर टीम को 300 रन के पार पहुंचाया।

310 रन के टारगेट का पीछा करते हुए कंगारू टीम ने भी तेज शुरुआत की। ट्रैविस हेड 26 बॉल पर 31 रन बनाकर आउट हुए। उनके सामने मैथ्यू शॉर्ट ने 30 बॉल पर ही 58 रन बना दिए। उनके विकेट के समय ऑस्ट्रेलिया ने 13 ओवर में 118 रन बनाए थे।

2 विकेट गिरने के बाद स्टीव स्मिथ और जोश इंग्लिस ने टीम को संभाला। दोनों ने 21वें ओवर तक टीम का स्कोर 165 तक पहुंचाया, तभी बारिश होने लगी। स्मिथ 36 और इंग्लिस 28 रन बनाकर नॉटआउट रहे। बारिश नहीं रुकी और ऑस्ट्रेलिया ने 49 रन से मुकाबला जीत लिया। इंग्लैंड से मैथ्यू पॉट्स और ब्रायडन कार्स को 1-1 विकेट मिला।

## ड्रॉ रही थी टी-20 सीरीज

बारिश से प्रभावित 5वें वनडे को जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज 3-2 से जीती। टीम ने पहला और दूसरा वनडे भी जीता था। जबकि इंग्लैंड ने तीसरा और चौथा मुकाबला जीतकर सीरीज 2-2 से बराबर की थी। दोनों के बीच 3 टी-20 की सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही। तीसरा टी-20 बेनतीजा था।

एक नजर

# सनथ जयसूर्या की कोचिंग में श्रीलंका क्रिकेट टीम के नए युग की शुरुआत

नई दिल्ली । श्रीलंका क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को घरेलू टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया है। श्रीलंका क्रिकेट टीम ने पहले टेस्ट में कीवी टीम को 63 रनों से हराने के बाद दूसरे टेस्ट में एक पारी और 154 रनों की जीत हासिल की। इसके साथ ही श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 15 साल बार टेस्ट सीरीज में मात दी है।



श्रीलंकाई टीम का यह प्रदर्शन पिछले कुछ समय से कमाल की निरंतरता दिखा रहा है। जब से श्रीलंका के पूर्व ओपनर और दिग्गज बाएं हाथ के बल्लेबाज सनथ जयसूर्या ने अपनी टीम की कोचिंग की कमान संभाली है, तब से टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। श्रीलंका ने इस दौरान भारत को वनडे सीरीज में हराया, उसके बाद इंग्लैंड को उसकी ही धरती पर टेस्ट मैच में मात दी और अब न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीत ली है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद, छत्तीसगढ़**

**निविदा निरस्तीकरण**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक 03/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां./2024 गरियाबंद, दिनांक 01-08-2024, **(जी क्रमांक 202401557/दि. 04-08-2024)** के द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
गरियाबंद (छ.ग.)

जी-242502840/3


# टीम इंडिया की नई रफ्तार मयंक यादव?



नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए डेब्यू, महज 3-4 मैच खेला और चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गया। मगर, इन चंद मौकों में वो लड़का दो बार मैन ऑफ द मैच बना और आईपीएल हिस्ट्री के स्पीड मास्टर में अपना नाम दर्ज करा गया। इम्पैक्ट ऐसा कि पूरी दुनिया उसकी फैन बन गई। नाम है- मयंक यादव। हालांकि, अनफिट होने के कारण पिछले कुछ महीने ये खिलाड़ी गायब था लेकिन अब समय आ गया है उसके कमबैक का।

बीसीसीआई ने शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम इंडिया का ऐलान किया। खिलाड़ियों के नाम सामने आते ही एक ऐसा चेहरा एक बार फिर सुर्खियों में आया, जो आईपीएल में अपनी रफ्तार से गदर मचाने के बाद गायब था। आईपीएल 2024 में डेब्यू करते हुए मयंक यादव ने सुर्खियां बटोरी थीं और अब वो बांग्लादेश के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय टी20 डेब्यू के बेहद करीब है।

22 साल का यह तेज गेंदबाज 153 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी करने का माद्दा रखता है। बड़े-बड़े दिग्गज इसके प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध थे। यहां तक कि इसकी तुलना शोएब अख्तर जैसे खूंखार गेंदबाज से होने लगी है। रफ्तार के साथ उनके पास बोनस में अच्छी लाइन लेंथ, वेरिएशन और सटीक यॉर्कर भी है जो उनकी गेंदबाजी को मजबूत करते हैं।

# बेंगलुरू एफसी की जीत की हैट्रिक के बीच सुनील छेत्री की ऐतिहासिक उपलब्धि

बेंगलुरू । कप्तान सुनील छेत्री के ऐतिहासिक गोल का जश्न श्री कांतीरवा स्टेडियम में मौजूद बेंगलुरू एफसी के फैंस ने जमकर मनाया, क्योंकि ब्लूज ने शनिवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में मोहन बागान सुपर जायंट को 3-0 से हरा दिया।

बेंगलुरू एफसी की जीत में स्पेनिश फॉरवर्ड एडगर मेंडेज ने नौवें, मिडफील्डर सुरेश सिंह वागजाम ने 20वें और सुनील छेत्री ने (पेनल्टी किक पर) 51वें मिनट में गोल किए। अपने 64वें गोल के साथ ही सुनील आईएसएल इतिहास में सबसे ज्यादा स्कोर करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। एडगर मेंडेज को मैच का पहला गोल करने और शानदार खेल दिखाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।



ब्लूज की शानदार जीत से उसके स्पेनिश हेड कोच जेरार्ड जारागोजा बेहद खुश होंगे। बेंगलुरू एफसी तीन मैचों में तीन जीत से नौ अंक लेकर तालिका में दूसरे से शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं, मैरिनर्स द्वारा सीजन में पहली बार हार का स्वाद चखने से स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना बेहद निराश होंगे। मोहन बागान सुपर जायंट तीन मैचों में एक जीत, एक ड्रा और एक हार से चार अंक लेकर तालिका में चौथे से छठे स्थान पर लुढ़क गए हैं।


**कार्यालय कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा**
**(जिला निर्माण समिति)**

**-:: मैनुअल पद्धति द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

निविदा विज्ञप्ति क्र. 02/जि.नि.स./लो.नि.वि./24-25 दंतेवाड़ा, दिनांक, 27/09/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | डंकनी नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य कि.मी. 6/4 पोन्दुम से दाबपाल मार्ग पर। | 441.29 |
| | कुल 01 कार्य | 441.29 |

1. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की सकती है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 11-10-2024 तक ऑनलाईन **http://dantewada.nic.in** अथवा कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. सेतु निर्माण संभाग जगदलपुर से प्राप्त कर सकते है

अपर कलेक्टर/नोडल अधिकारी
(जिला निर्माण समिति)
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

जी-242502859/7

# एनसीजी महाविद्यालय में 55 वें राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन

भास्कर दूत






**दल्लीराजहरा** – शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा द्वारा 55 वें राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस एंव सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार वी. ने की व संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी श्री राजेश कुमार ठाकुर ने किया। मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय के वर्तमान जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र छतवाल एव पूर्व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री राकेश द्विवेदी के साथ ही श्री रमेश गुज्जर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुवे। सर्वप्रथम अतिथियों और प्राध्यापकों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में स्थित स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का पूजन एवं माल्यार्पण किया गया, इसके पश्चात रासेयो कक्ष में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श पुरुष स्वामी विवेकानंद के पूजन अर्चन से किया गया, स्वयसेवकों ने राजकीय गीत अरपा पैरी के धार पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और प्राध्यापकों का पुष्पगुच्छ से स्वागत के पश्चात विद्यार्थियों ने एनएसएस पर कविता प्रस्तुत की, फिर छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति को संजोते हुवे समूह व युगल नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सम्मान समारोह के अंतर्गत अतिथियों, प्राचार्य एवं प्राध्यापकों के द्वारा वरिष्ठ स्वयंसेवकों को बी और सी प्रमाण पत्र, वितरित कर सम्मानित किया गया। स्वयंसेवकों ने एनएसएस का प्रतीक चिन्ह, स्वामी विवेकानंद, छत्तीसगढ़ की संस्कृति को उकेरते सुंदर रंगोली भी बनाई।

> व्यक्ति त्व विकास करना हीं एनएसएस का प्रमुख उद्देश्य।
> स्वयसेवकों ने'अरपा पैरी के धार' पर नृत्य प्रस्तुत दी।

प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बताया कि किसी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का होना उसे विशेष बनाता है, युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की योजना का होना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य अतिथि ने पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों का महत्व बताया व एनएसएस हेतु जनभागीदारी द्वारा किसी भी तरह के सहयोग का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते इसके अंतर्गत वर्ष भर होनें वालीविभिन्न गतिविधियों जैसे स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, जागरूकता रैली, समाज सेवा और सात दिवसीय विशेष शिविर के बारे में अपने विचार व्यक्त किए, इसके उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि समाज सेवा के माध्यम से छात्रों का व्यक्तित्व विकास करना हीं एनएसएस का प्रमुख उद्देश्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़ौदा आरसेटी में दिया जाएगा मछलीपालन और मुर्गीपालन का प्रशिक्षण

आवेदन 5 अक्टूबर तक मंगाए गए

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा) आरसेटी में मछलीपालन और मुर्गीपालन का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार युवाओं से आगामी 5 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी सुश्री अनिता टुडू ने बताया कि आवासीय सुविधा युक्त 10-10 दिवसीय इन प्रशिक्षणों के लिए इच्छुक महिला एवं पुरूष बीपीएल राशनकार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी और 5 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आवेदन पत्र कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में नियत तिथि तक जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मछलीपालन प्रशिक्षण के दौरान मत्स्य पालन और अर्थव्यवस्था, मछलीपालन की विधि, मछलीपालन हेतु बीज, उत्पादन विधि, खाद्य सामग्री, मछलियों के विभिन्न प्रजाति, मत्स्य पालन संस्कृति, मछलीपालन तकनीकी एवं मछली पकड़ने की कला, मछली पकड़ने की पारम्परिक प्रणाली, मछली स्वास्थ्य प्रबंधन, सुरक्षा, स्वच्छता, बीज उत्पादन, मछली प्रसंस्करण सहित उद्यमिता संबंधी जानकारी दी जाएगी। मुर्गी पालन प्रशिक्षण के तहत विभिन्न दक्षताओं की पहचान के लिए केस स्टडी, पोल्ट्री के स्कोप और महत्व, बैकयार्ड पोल्ट्री, वाणिज्यिक पोल्ट्री, पोल्ट्री नस्लों, जापानी बटेर, बतख, तुर्क खेती, ब्रायलर और चिक उत्पादन के लिए हैचरी रियरिंग टाइप सिस्ट, शेड निर्माण, पोल्ट्री उपकरण इत्यादि की जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 73899-43193, 88394-68509 और 97559-17024 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक सर्वेक्षण किया जाएगा

**धमतरी।** अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण एवं योजनाओं का प्रचार-प्रसार छ.ग. राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा नियुक्त नई दिल्ली की स्वैच्छिक संस्था द्वारा जिले में किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने बताया कि यह सर्वे आगामी दिसम्बर माह तक किया जाएगा, जिसके लिए संस्था के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को आईडी कार्ड छ.ग. राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जारी किया गया है। इस दौरान सर्वेक्षणकर्ताओं द्वारा भारत सरकार एवं राज्य सरकार की अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु लागू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का ब्रोशर, जो अल्पसंख्यक आयोग द्वारा तैयार किया गया है, नि:शुल्क वितरण किया जाएगा।

### चलती हाइवा में लगी आग

**चांपा।** बेलदारपारा में पीआईएल रोड पर एक चलते हाइवा में अचानक आग लग गई। राखड़ खाली करके लौट रहे इस ट्रक में आग लगने से ट्रक धू-धू कर जलने लगा। घटना सुबह लगभग 6:30 बजे की बताई जा रही है। आग की भयावहता को देखते हुए ट्रक ड्राइवर ने तुरंत सूझ- बूझ दिखाते हुए चलती ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंची पीआईएल की फायर ब्रिगेड टीम ने तुरंत आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। यह हादसा चांपा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेलदारपारा, पीआईएल रोड पर हुआ। ट्रक में आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



### रेलवे अंतरा लोकगीत प्रतियोगिता 2024 की विजेता बनी वार्ड पार्षद टी.ज्योति

**दल्लीराजहरा** –दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल द्वारा आयोजित अंतरा मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया,जिसमे छत्तीसगढ़ रत्न सम्मानित टी. ज्योति द्वारा चौरामा गोंदा व पता लेजा छत्तीसगढ़ी लोकगीत गाकर समा बांधा व लोकगीत की विजेता घोषित हुई ।यह प्रतियोगिता 28 सितंबर को रेलवे उल्लास क्लब, डबलू आरएस, रायपुर में किया गया था , कार्यक्रम के विजेताओं को स्मृति चिन्ह व सार्टिफिकेट प्रदान रेलवे डीआरएम सर द्वारा दिया गया। पूर्व में रेलवे द्वारा रायपुर में आयोजित गायन प्रतियोगिता में तीन बार विजेता रह चुकी है व राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता में 2 बार विजेता रह चुकी है। समाज सेवा के साथ साथ गायन क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रहीं है। टी ज्योति पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में लोकप्रिय लोकगायिका के नाम से मशहूर हो रही है मोहन सुंदरानी यू ट्यूब चैनल में अब तक 25 से 30 लोकगीत आ चूका है जिसे ज्योति सोनी के नाम से इनका गाना देखा जा सकता है दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ी जसगीत व हिंदी माता गीत मोहन सुंदरानी यू ट्यूब चैनल में बहुत जल्द रिलीज होने वाला है।



# डांडेसरा मुख्य नहर के पास बहती हुई मिली महिला की लाश

महिला के शिनाख्त नहीं, कुरूद पुलिस जांच में जुटी

भास्कर दूत



**धमतरी** – रविवार की सुबह रुद्री से निकलने वाले मुख्य नहर में डांडेसरा के पास बहती हुई लाश मिलने से सनसनी फैल गई। शव को निकाल कर रक्तदान एंबुलेंस से कुरूद अस्पताल पहुंचाया गया। महिला की शिनाख्ति नहीं हो पाई है।धमतरी के मुख्य नहर में महिला की लाश मिली,लाश संदिग्ध अवस्था मे नजर आ रही है,महिला के हाथ,और चहेरे में चोट के निशान भी दिखाई दे रहा है,जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और आगे की जांच में जुट गई है।बता दे कि रूद्री बैराज मुख्य नहर है, जहां से सिंचाई हेतु पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है,इसी मुख्य नहर के ग्राम डांडेसरा के पास लोगों ने नहर में महिला की लाश उफनते हुए देखा,इसके बाद तत्काल कुरूद पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस पहुंची और लाश को मुख्य नहर से लोगों के सहयोग से बाहर निकाला,जब पुलिस ने जांच शुरू की तो चेहरे और हाथ पर चोट जैसे निशान दिखे वहीं लाश संदिग्ध अवस्था पर भी है, कुरूद थाना प्रभारी अरुण साहू ने बताया की नहर से लाश को निकाल लिया गया है, साथ ही चेहरे और हाथ पर चोट के जैसे निशान दिखाई दे रहा है,जो कि मछलियों के काटने के कारण चोट जैसा होने का आशंका है, महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है,वहीं निशुल्क रक्तदान एम्बुलेंस के माध्यम से लाश को जिला अस्पताल के मरचुरी में शिफ्ट कराया गया,और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह डांडेसरा के पास मुख्य नहर में महिला की तैरती हुई लाश देखी गई।

> मछलियों के काटने के कारण चोट जैसा होने का आशंका

तत्काल राजेंद्र चंद्राकर ने पुलिस को सूचना दी। जहां कुरूद के सरकारी एंबुलेंस आने से किया इनकार कर दिया। तुरंत रक्तदान एम्बुलेंस सेवा संस्था को सूचना दी गई। शिवा प्रधान, डोमन साहू और राजेंद्र चंद्राकर और एएसआई सुरेश नंद, हवलदार नीरा सोरी, आरक्षक मोतिम धुव मौके में पहुंचकर शव को उठाकर कुरूद मरचुरी पहुंचाया। कुरूद थाना एएसआई सुरेश नंद ने बताया कि लाश को डूबे ज्यादा समय नहीं हुआ है। कल की घटना लग रही है। फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हुई है। पता तलाश की जा रही है।शिवा प्रधान ने बताया कि धमतरी जिले के अंदर एक ऐसी संस्था रक्तदान एम्बुलेंस सेवा संस्था जो 24 घंटे निशुल्क है। किसी भी प्रकार का मर्डर, सुसाइड,एक्सीडेंट होने पर सेवा प्रदान करती है।

# पुराना बाजार में क्षेत्र घूम रहे संदिग्ध हालत घुमंतू

तीन महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार



भास्कर दूत

**दल्लीराजहरा**– नगर के विभिन्न वार्डों में चोरी की घटना को अंजाम देने घुमंतू प्रजाति के लोग दिख रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रविवार को पुराना बाजार के वार्ड नंबर 11 में देखने को मिला। चोरी की नीयत से घूम रहे राजनांदगांव जिले के छुईखदान निवासी तीन महिला को संदिग्ध हालत में राजहरा पुलिस ने पकड़ा और उन्हें प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई कर जेल भेज दिया। रविवार को वार्ड वासियों ने मोहल्ले में संदिग्ध अवस्था में घूम रहे तीन महिलाओं को घेर लिया और पुलिस को खबर की। तत्काल पुलिस मौके पहुंची और तीनों महीना को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि इन महिलाओं द्वारा सुनने मकान में घुसकर चोरी करने का प्रयास किया जा रहा था । शंका होने पर स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गए महिलाओं में भूरी बाई , साजन बाई,एवम अंजू बाई शामिल है। वार्ड पार्षद हेमंत गौतम ने बताया कि वार्ड कि लोगों ने मोहल्ले में संदिग्ध घूम रहे महिलाओं से पूछताछ की उनके द्वारा किसी प्रकार का संतुष्ट जवाब नहीं दिया गया। इस पर शंका होने पर उन्हें पकड़कर कर पुलिस को सूचना दी गई। उक्त महिलाओं ने पुलिस को भी अपना नाम पता ठीक से नहीं बताया गया। पुलिस में तीनों महिलाओं को सीटी मजिस्ट्रेट के पास पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# कर्नाटक एग्री समिट में डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने कृषि सुधारों पर दिया जोर; सतत कृषि के लिए सम्मानित

भास्कर दूत




**जाजगीर-चापा,** बेंगलुरु के ताज वेस्ट एंड होटल में कल आयोजित कर्नाटक एग्री समिट के दौरान 25 सदस्यीय कर्नाटक कृषि परिषद का शुभारंभ किया गया। इसकी अध्यक्षता जियो-बायोटेक के प्रबंध निदेशक और बैंगलोर प्रबंधन संघ के अध्यक्ष श्री के. एस. नारायणस्वामी ने की। कृषि मंत्री श्री एन. चेलुवरायस्वामी ने इस परिषद का उद्घाटन किया और इसे राज्य की प्रमुख कृषि चुनौतियों और अवसरों, विशेषकर मिलेट, दाल, कॉफी, और मसाला प्रसंस्करण, निर्यात, स्टार्टअप्स, और कृषि में डिजिटल तकनीकों पर ध्यान देने के लिए कहा। बेंगलुरु, जो एग्रीटेक कंपनियों का केंद्र है, इन क्षेत्रों में अपार संभावनाएं प्रदान करता है।

इस शिखर सम्मेलन में डॉ. अशोक दलवाई, डॉ. एस.वी. सुरेशा (कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, बेंगलुरु) और डॉ. सी. बिरादार (निदेशक, CIFOR) तथा इंडियन चैंबर आफ फूड एंड एग्रीकल्चर की अध्यक्ष डॉक्टर एमजी खान ने भी अपने विचार रखे।

इस कार्यक्रम में 150 से अधिक विशेषज्ञों, अधिकारियों और सीईओ ने भाग लिया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में अखिल भारतीय किसान महासंघ (AIFA) के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने मंच से भारत की कृषि की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। तमाम योजनाओं के बावजूद वास्तविकता यह है कि खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। पिछले दो वर्षों में 2 करोड़ किसानों ने खेती छोड़ दी है, और युवा इस घाटे वाले व्यवसाय में आना नहीं चाहते। यदि हमने मिलकर इस स्थिति को नहीं सुधारा—चाहे वह सरकार हो, उद्योग हो, वैज्ञानिक हों, या कृषि विश्वविद्यालय—तो 1.5 अरब की आबादी को भोजन कैसे मिलेगा? डॉ. त्रिपाठी ने चेतावनी दी।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की चार सूत्रीय मांगों के समर्थन में हड़ताल

भास्कर दूत




**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर आज जिले के सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक बारिश के बावजूद डटे रहे। हड़ताल के चलते जिले के सभी शासकीय कार्यालय और स्कूल बंद रहे।

### हड़ताल की मुख्य मांगें निम्नलिखित हैं:

1. केंद्र के समान महंगाई भत्ता और जुलाई 2019 के एरियर्स का भुगतान।
2. चार स्तरीय क्रमोन्नत वेतनमान।
3. केंद्र के समान गृह भाड़ा भत्ता।
4. 240 दिन के बजाय 300 दिन अर्जित अवकाश का नकदीकरण।

दशहरा मैदान में हजारों की संख्या में अधिकारी और कर्मचारी एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन तहसीलदार भूपेंद्र नेताम को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला संयोजक डॉ. एल.एस. ध्रुव, महासचिव अविनाश तिवारी श्रीमती सरोज बघमार, इंजि. विरेन्द्र कुमार सिरमौर अध्यक्ष डिप्लोमा इंजिनियर संघ, प्रकाश तिवारी,विनोद कुर्रे अध्यक्ष छत्तीसगढ़ आयुष कर्मचारी संघ, योगेन्द्र गेंडरे, लक्ष्मण वर्मा,कामता प्रसाद जांगड़े,श्रीराम ध्रुव,पी.के. हिरवानी संरक्षक तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ,संतोष वैष्णव अध्यक्ष लिपिक संघ,दिपक मिश्रा,चेतन बघेल,भूषण मरकाम,देवेन्द्र साहू, चितेश्वर वर्मा, रमेश नेगी,कामता जांगडे,जी.आर.माहेश्वरी,राधा ध्रुव,टीकराम यादव, इंजि सुरेश पैकरा, इंजि. व्ही.आर. सूर्यवंशी.एम.आर. फेकर आदि सहित हजारो की संख्या में अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दानी टोला वार्ड में चलाया गया एक युद्ध नशे के विरुद्ध नशा मुक्ति अभियान रैली

भास्कर दूत




**धमतरी** । आज हमारे वार्ड दानी टोला में अखिल विश्व गायत्री परिवार दानी टोला इकाई गोकुलपुर धमतरी व वार्ड वासियों के सयुक्त तत्वधान में नशा उन्मूलन रैली निकाला गया जिसका शुरुवात भक्तिन गुड़ी चौरा से मुख्य गली होते हुए स्कूल चौक दानी टोला महिमा सागर वार्ड पर विराम हुआ इसअवसर पर गोकुलपुर इकाई समन्वयक श्री गजानंद साहू द्वारा नशा पान के घातक कुप्रभाव पर प्रकाश डालते हुए नशा न करने की अपील की साथ ही स्काउट एवं गाइड जिला धमतरी के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद साहू व श्री हिरेन्द्र साहू छ प्रदेश साहू संघ के युवा प्रकोष्ट महामंत्री के द्वारा नशा नाश की जड़ व दुष्प्रभाव पर सारगर्भित जानकारी देते हुए नशा नही करने की अपील किये गए प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ श्री कौशल प्रसाद द्वारा खैनी एक दुर्व्यसन इसके दुष्प्रभाव मनो मस्तिस्क पर कैसा पड़ता है इससे कैसा बचा जा सकता है उद्बोधन व प्रज्ञा गीत नारे के माध्यम से श्री माखन लाल साहू प्रदीप साहू श्री शेखन लाल साहू भुवनेश्वर देवांगन ,राजेन्द्र नाग राज कुमार साहू लक्ष्मण यादव गणेश साहू संतोष साहू राजू साहू हिरेंद्र साहू बीसु राम साहू मतेश्वर साहू आश कुमार साहू महेश साहू , श्री अज्जू देशलहरे वार्ड पार्षद दानी टोला एवम् लक्ष्मी साहू महिला प्रकोष्ठ प्रमिला साहू यशोदा साहू सुदेश्वरी मिनपाल सुभासिनी साहू , लक्ष्मी साहू रेखा साहू पूर्णिमा साहू मधु साहू ईश्वरी साहू मंगली साहू खोरबहरीन साहू पोयांस साहु भारती साहू कुमारीबाई साहू कमला ध्रुव लोकेश्वरी ध्रुव तुलसी साहू आदि गायत्री शक्ति पीठ धमतरी दानी टोला महिला मंडल के सभी सदस्य गणमान्य वार्ड वासी गण रैली में उपस्थित रहे सभी ने आत्म कल्याण विश्व कल्याण के लिए नशा मुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए अपील किया गया।



# किनारे बैठा अधेड़ गिरा कुएं में, हुई मौत

भास्कर दूत





**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के गांधी चौक स्थित कुंआ के पार में एक व्यक्ति बैठा था अचानक वह कुंआ में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर लिया है। घटना सिटी कोतवाली जांजगीर की है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलौदा निवासी योगेन्द्र शर्मा उम्र 52 वर्ष पिता बंशीलाल शर्मा कई वर्षों से जांजगीर में रह रहा था। वर्तमान में वह वार्ड नंबर 21 में किराये के मकान में रहता था। पहले वह सीएएफ में नौकरी करता था लेकिन वहां से रिजाइन देकर ठेकेदारी का काम कर रहा था। रविवार 29 सितम्बर को सुबह तकरीबन 8 बजे अपने घर से निकला था। वह गांधी चौक स्थित कुंआ के पार में बैठा हुआ था इस दौरान अचानक कुंआ में गिर गया। जिससे वहां के कुछ लोगो ने गिरते हुये देखा तो तत्काल इसकी सूचना डायल 112 को दिया। जिससे पुलिस मौके पर पहुंच कर योगेन्द्र शर्मा को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर लिया है। बताते चलें कि गांधी चौक स्थित यह कुंआ अत्यंत पुराना है और कचरे से अटा पड़ा है। कई वर्षों से कुंए की साफ-सफाई नहीं हुई है। कुंए का जगत भी कम ऊंचाई का है। जिससे खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि कुंए की गंदगी को साफ- सफाई कर जाली से कव्हर करना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो।

दैनिक भास्कर दूत
हर खबर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, मंगलवार 01 अक्टूबर 2024



### जनता की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा रही दरकिनार

# नगर निगम की सामान्य सभा में खुद के पार्षद ने कर दी महापौर की किरकिरी!

**बैठक में कई बार हुआ हंगामा; धरने पर बैठे कांग्रेस पार्षद दल प्रवक्ता को नहीं मना पाई महापौर**





चौक-चौराहों के नामकरण में उलझी भाजपा-कांग्रेस

**राजनांदगांव(भास्कर दूत)।** सोमवार 30 सितंबर को नगर निगम की सामान्य सभा में कई बार हंगामा बरपा। निगम के सत्ता पक्ष कांग्रेस और विपक्ष भाजपा के पार्षद एक दूसरे से कई बार उलझे और तो और कांग्रेस पार्षद दल प्रवक्ता ऋषि शास्त्री वार्ड की जनता के मुद्दों को लेकर अचानक सदन से बाहर आकर कड़ी धूप में धरना देते बैठे रहे, जिन्हें पहले भाजपा पार्षदों ने, फिर कांग्रेस पार्षदों ने मनाया लेकिन वे नहीं माने। महापौर ने उन्हें बैठक में शामिल होने के लिए दबाव डाला। फिर भी नहीं माने तो शाम को कांग्रेसी पार्षद उन्हें घसीट कर सदन में ले गए, जहां से वे पुनः बाहर आकर धरना देते बैठ गए। इस तरह महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की अपने ही पार्षद ने किरकिरी कर दी। इतना ही नहीं श्रीमती देशमुख ने निगम परिसर में आंदोलनरत कांग्रेस पार्षद दल प्रवक्ता से यह कह दिया कि 10 महीने से वे निगम को संभाल नहीं पा रही हैं।

सामान्य सभा में शहर की जनता की मूलभूत समस्याओं की बजाय चौक और मार्ग के नामकरण पर ज्यादा चर्चा चली। सत्ता पक्ष कांग्रेस और विपक्ष भाजपा दोनों ही नामकरण के विषय में उलझी रही। सुबह 10.30 बजे से आयोजित बैठक में पूर्व घोषणा अनुसार 11 विषय रखे गए थे, उनमें से प्रथम विषय पुराना गंज चौक के नामकरण पर चर्चा उपरांत निर्णय होने में कई घंटे लग गए। अंततः इस चौराहे का नामकरण आचार्य विद्यासागर चौक रखने पर सर्वसम्मति से निर्णय पारित हुआ। दूसरा विषय तिरंगा चौक से पुराना गंज चौक का नाम महेश पथ रखे जाने को लेकर था, जिसमें मतदान की नौबत आ गई। कुछ पार्षद इस सड़क को गंज लाइन यथावत रहने देने के पक्ष में थे। कुछ पार्षद तिरंगा चौक से महेश्वरी भवन तक सड़क को महेश पथ रखने का सुझाव दे रहे थे। तिरंगा चौक से गंज चौक तक सड़क का नाम महेश पथ रखे जाने के पक्ष में 24 और विपक्ष में 19 मत पड़े। इस तरह दूसरा विषय भी पारित हो गया। तीसरा विषय जीई रोड में पेंड्री में ट्रांसपोर्ट नगर व बायपास मोड़ वाले चौक का नाम महाराजा रणजीत सिंह चौक रखे जाने के संबंध में था। मानव मंदिर चौक का नाम महाकाल चौक रखे जाने, स्वर्ग रथ का शुल्क निर्धारण, मिशन क्लीन सिटी परियोजना अंतर्गत उपभोक्ता शुल्क वसूली, संपत्ति कार्य एवं समेकित कर, जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने, फ्लाई ओवर के नीचे रिक्त स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, लोक सेवा केंद्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन की स्वीकृति एवं अनुमोदन रेलवे स्टेशन पुराना सफाई, कार्यालय की दुकानों की स्वीकृति तथा हाट बाजार व्यावसायिक परिसर स्थित प्रथम दल की दुकान क्रमांक एक से 14 एवं क्रमांक 16 से 20 तक की प्राप्त उच्चतम बोली कि अनुशंसा के संबंध में था, जिन पर चर्चा उपरांत निर्णय लिए जाने शाम समाचार लिखे जाने तक बैठक जारी थी।

ज्ञातव्य है कि 51 वार्ड वाले नगर निगम में काफी लंबे अरसे बाद सामान्य सभा आयोजित हुई है, जबकि नगर निगम के नियम के मुताबिक हर दो-ढाई महीने में एक सामान्य सभा अवश्य आयोजित होनी चाहिए, लेकिन महापौर श्रीमती देशमुख के कार्यकाल में सामान्य सभा का अकाल रहा। सामान्य सभा हुई भी तो शहरवासियों की बिजली, पानी, सड़क, सफाई आदि मूलभूत समस्याओं पर फोकस करके चर्चा की जानी चाहिए थी, जो नहीं हुई।

### सदन की गरिमा का दोनों पक्ष ने नहीं रखा ध्यान

निगम अध्यक्ष हरिनारायण उर्फ पप्पू धकेता की अध्यक्षता में आयोजित सामान्य सभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के पार्षदों ने सदन की गरिमा का ध्यान नहीं रखा। एक दूसरे को उंगली दिखाते हुए ऊंची आवाज में बात करते रहे। बैठक की शुरुआत में पहला हंगामा, तब हुआ, जब नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने निगम द्वारा एक जनवरी से 2020 से आज तक निगम द्वारा बनवाए गए व्यावसायिक परिसरों का हिसाब मांगा और निगम उपायुक्त से इस अवधि में एक भी व्यावसायिक परिसर नहीं बने होने का लिखित जवाब आया। दूसरा हंगामा जब भाजपा पार्षद गगन आईच पहले विषय पर बोल रहे थे, तब कांग्रेस के शहर अध्यक्ष वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा उन्हें सदन से बाहर करने सभापति से मांग करने लगे। श्री छाबड़ा का कहना था कि श्री आईच ने पहले विषय को राजनीतिक उद्देश्य कहा, जबकि इससे पहले नेता प्रतिपक्ष पार्षदों के साथ पहले विषय पर अपनी सहमति दे चुके थे।

### कई पार्षद सभा से रहे नदारद!

नगर निगम में महापौर श्रीमती देशमुख के कार्यकाल की आखिरी सामान्य सभा से कांग्रेस के कई पार्षद के गायब होने और उपस्थित होने की दशा में वोटिंग नहीं करना चर्चा का विषय रहा। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि उनके सभी 19 पार्षद सदन में उपस्थित हैं। निगम अध्यक्ष से कांग्रेस पार्टी की उपस्थिति पूछे जाने पर उन्होंने अनभिज्ञता जताते हुए इसकी जानकारी सचिव के पास होने की बात कही। गौरतलब है कि निगम में सत्ताधारी कांग्रेस के 31 पार्षद होने के बावजूद मतदान की नौबत आने पर 24 पार्षदों ने दूसरे विषय के पक्ष में मतदान किया। मतदान के पश्चात महापौर श्रीमती देशमुख अध्यक्ष की तरफ मुखातिब होते हुए यह कहने लगी कि निगम में नियम है कि अध्यक्ष भी मतदान कर सकते हैं। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक देर शाम सामान्य सभा की कार्यवाही जारी रही।

### सभा छोड़ धरने पर बैठे रहे पार्षद ऋषि शास्त्री

श्री छाबड़ा ने निगम में टंगी महापुरुषों की बहुत पुरानी तस्वीरों की तरफ ईशारा करते हुए उनकी जगह दूसरी नई और सुस्पष्ट तस्वीर लगाने की बात कही, जिस पर सहमति बनी। उल्लेखनीय है कि तस्वीरों में सारंगपाणि मुदलियार की तस्वीर एकदम खराब हो गई है। कुछ पार्षदों ने एक पार्षद साथी के बाहर धरने पर बैठे होने को लेकर बात उठाई। कांग्रेस के कुछ पार्षद आंदोलनरत ऋषि शास्त्री को जबरदस्ती खींचते हुए सदन में ले गए थे, जो फिर बाहर आ गए। उन्होंने मतदान की नौबत आने पर भी मतदान नहीं किया। वह वार्डवासियों के हित में अपनी मांग पर अड़े रहे। उनकी मांग थी कि उनके वार्ड में जनता के हित के काम नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की जाए। उन्होंने मनाने आई महापौर को साफ तौर से कहा कि अधिकारीगण उनकी यानि महापौर की भी नहीं सुनते। बाद में फिर भाजपा पार्षद खेमिन यादव ने शास्त्री के आंदोलन की तरफ ध्यान आकर्षण किया, तब महापौर ने उनके वार्ड के मुद्दों को लेकर आयुक्त से जवाब मांगा। निगम में सामान्य सभा से नाराज होकर कांग्रेस पार्षद ऋषि शास्त्री जनता की मांगों को लेकर धरना देते बैठ गए। अपनी ही पार्टी कांग्रेस के पार्षद ऋषि शास्त्री को भोजन अवकाश के दौरान महापौर या कोई और साथी भोजन के लिए पूछने तक नहीं आए। मीडिया कर्मियों ने उनका ख्याल रखा और धरना स्थल पर लाकर भोजन पानी दिया।

# शहर के सड़क ठेकेदार पर एमपी में एफआईआर!

### 45 लाख रूपए के डामर के फर्जी बिल, ईओडब्ल्यू की कार्यवाही

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** मध्यप्रदेश ग्रामीण विकास प्राधिकरण सिवनी पीआईयू-01 अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य में डामर के फर्जी बिल लगाने पर शहर के देवानंद जैन स्कूल रोड 50 वर्धमान नगर निवासी सड़क निर्माण ठेकेदार संजय सिंघी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया है।

जानकारी अनुसार प्लाट नंबर 7 शिरके ले आउट राजनगर कटोल रोड नागपुर महाराष्ट्र निवासी बलजिंदर सिंह नैय्यर द्वारा ठेकेदार संजय सिंघी के विरूद्ध सड़क निर्माण कार्य में व्यापक मात्रा में डामर के फर्जी बिल लगाकर शासन से भुगतान प्राप्त कर आर्थिक लाभ प्राप्त करने की शिकायत दर्ज कराई गयी थी। शिकायत की जांच करने पर पता चला कि सड़क निर्माण ठेकेदार संजय सिंघी द्वारा मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण सिवनी में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा जारी कुल 45 लाख 89 हजार 331 रूपए के फर्जी इनवाईस लगाये गये थे, जो इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा जारी नहीं किए गए थे। पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू जबलपुर आरडी भारद्वाज ने बताया कि मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण अंतर्गत सड़क निर्माण कार्यों में जबलपुर संभाग के अनेक जिलों में विभिन्न सड़क निर्माण ठेकेदारों द्वारा फर्जी डामर के बिल लगाकर करोड़ों रूपए का भुगतान शासन से प्राप्त किया गया है, जिसकी शिकायत ईओडब्ल्यू जबलपुर को प्राप्त हुई है और जांच लगातार जारी है। इस कार्य में जो भी अधिकारी और सड़क ठेकेदार शामिल हैं, उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# चाकू से जानलेवा हमला, दो अंदर

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। शहर के शंकरपुर क्षेत्र में एक युवक पर धारदार चाकू से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू और मोटर साइकिल को जप्त कर दोनों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दियागया।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने 27 सितंबर को चिखली पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 सितंबर को करीबन 7.30 बजे अपने दोस्त के साथ शंकरपुर में किराना दुकान के पास खड़ा था कि उसी समय बाइक से सेवक एवं भैय्या नामक लडके आकर तामेश को बुलाकर लाओ बोला। प्रार्थी ने मैं नहीं जा सकता कहने पर दोनों लड़के को मां-बहन की गाली-गलौज कर अपने पास रखे चाकू से मारने की धमकी देकर वार कर दिया, जिससे दाहिने हाथ और कुल्हे के पास चोंट आई। मारने के बाद दोनों लड़के भाग निकले। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध दर्ज किया है। इस दौरान आरोपियों के शंकरपुर में छुपने की पुख्ता सूचना पर आरोपी नीतेश उर्फ भैय्या तुरकने 23 साल और सेवक कश्यप 19 साल दोनों शंकरपुर को पकड़ा गया। आरोपियों से पूछताछ कर मुख्य आरोपी नीतेश तुरकने उर्फभैय्या का बयान लिया गया, जिसमें घटना कारित करना स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू व मोटर साइकिल को जप्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर जेल दाखिल किया गया।

# डोंगरगढ़ में महावीर तालाब की सफाई में जुटे लोग

### स्वच्छता ही सेवा : निकाली गई स्वच्छता रैली

**डोंगरगढ़ (भास्कर दूत)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के प्रति उनके अवदानों को स्मरण करते हुए तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वच्छता के प्रति जनमानस में जागरूकता लाने के लिए प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस दो अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।



कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा के तहत डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधि, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूली व महाविद्यालय के बच्चों, नागरिकों द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई। स्वच्छता रैली तहसील कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। रैली महावीर तालाब पहुंच कर तालाब की साफ-सफाई की गई तथा सिग्नेचर कैम्पेन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के बच्चों द्वारा गोलबाजार में नुक्कड़ नाटक कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, अमित जैन, पार्षद अमित छाबड़ा, रमन डोंगरे, एसडीएम मनोज मरकाम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा, नगर पालिका अधिकारी लालबहादुर नगर वनीश दुबे, कमांडेड 40 वाहिनी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल अनंत नारायण दत्ता, सहायक कमांडेंट संतोष कुमार सिंह सहित नगर के आम नागरिकों के सहयोग से महावीर तालाब एवं आस-पास की जगहों की साफ-सफाई की गई तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान को पूरा किया गया।

# ट्रैक्टर को आग लगा दी

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** डोंगरगढ़ क्षेत्र के कसारी गांव में अपने रिश्तेदार से खेती कार्य के लिए मांगकर लाए गए ट्रैक्टर को अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ के मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम कसारी के रहने वाले मनोज मुंजारिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खेती-किसानी का काम करता है। उसने अपने मामा के लड़का से जुताई के लिए एक सप्ताह पहले ट्रैक्टर को मांगकर लाया था। गत 28 सितंबर की शाम से ट्रैक्टर शिकायतकर्ता के घर के सामने खड़ा था। 29 सितंबर की रात करीब 1.30 बजे घर के सामने टायर फटने की आवाज पर उठा और देखा कि घर के सामने खड़ा ट्रैक्टर जल रहा था, जिसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा दी गई थी। ट्रैक्टर जलने से करीब 4 लाख रुपए का नुकसान होना बताया गया है। शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट में बताया है कि उसका गांव के शैलेष वैष्णव से जमीन विवाद चल रहा है। वह उक्त मामले में 28 सितंबर को सिविल कोर्ट डोंगरगढ़ में पेशी गया था। पेशी तारीख बढ़ गई तो शैलेष वैष्णव और सुभाष वर्मा द्वारा देख लेंगे की धमकी दी गई थी। माह भर पहले भी उक्त दोनों द्वारा धमकी दी गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।






# हत्या में शामिल चार को पुलिस ने दबोचा

### शहर के तुलसीपुर में हुई थी रविवार को दिनदहाड़े वारदात



**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** शहर के तुलसीपुर में रेलवे फाटक के पास और अमर किराना स्टोर के सामने रविवार को दिनदहाड़े एक युवक को चाकू मारकर मौत के घाट उतारने वाले सभी चार आरोपियों को कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक स्प्रिंगदार धारदार चाकू एवं दो मोटर सायकल तथा दो मोबाईल फोन को जप्त किया गया है। चारों आरोपी आदतन अपराधी हैं। पूर्व में उनके खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। चारों आरोपियों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार रविवार को दोपहर दो से ढाई बजे के बीच मोबाईल से सूचना प्राप्त हुई कि अमित बरई के पान ठेला के सामने रेल्वे फाटक तुलसीपुर के पास एक व्यक्ति को चार लोगों के द्वारा धारदार वस्तु से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। उसे उपचार हेतु जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया है। अस्पताल में पता करने पर मृतक का नाम ईश्वर उर्फ बहादूर बंसोड़ पिता स्व. गुहा राम बंसोड़ उम्र 40 वर्ष निवासी बख्तावर चाल गली नं. 01 तुलसीपुर राजनांदगांव को हत्या करने के संबंध में प्रार्थी सुजीत बंसोड़ पिता स्व. गुहाराम बंसोड़ उम्र 35 वर्ष से पता चला। इस संबंध में थाना कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 103 (1), 3 (5) बीएनएस का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में आरोपियों की पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित कर रवाना किया गया। टीम द्वारा मुखबीर की सूचना एवं घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर चार आरोपी हर्षित सिंह उर्फ हर्षू सरदार पिता सुखविंदर सिंह सरदार उम्र 24 वर्ष निवासी संगम चौक दादाजी हार्डवेयर के बाजू तुलसीपुर राजनांदगांव, पलाश मेश्राम पिता प्रकाश मेश्राम उम्र 21 वर्ष निवासी ममता नगर गली नं. 07 थाना कोतवाली, करण टाकरी पिता शंकर टाकरी उम्र 22 वर्ष निवासी सोनार चाल मोतीपुर काई तालाब रामनगर, चिखली और अरमान खान उर्फ अफसार सिद्दिकी पिता रमजान सिद्दिकी उम्र 19 वर्ष निवासी अण्डर ब्रिज के पास ममता नगर, राजनांदगांव का घटना में शामिल होना पता चलने पर सभी आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार स्प्रिंगदार चाकू, एक मोटर सायकल क्रमांक आर.वन 5 सीजी 04 एम.डी. 45 27 व दूसरा एफजेड यामाहा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 ए.यू. 6619 तथा दो नग मोबाईल को जप्त किया गया। सभी को आज गिरफ्तार रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल किया गया।


**भास्कर दूत**

**मासिक बिल**

माह - सितंबर 2024

| | | |
|---|---|---|
| 28 दिन | 2 रू. | 58 रू. |
| 1 दिन | अवकाश | 02 |
| | योग | 58 रू. |

- व्यवस्थापक





दैनिक भास्कर दूत
हर ख़बर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, मंगलवार 01 अक्टूबर 2024




# कंपनसेशन सेस पुनर्गठन के लिए ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स का गठन, वित्त मंत्री ओपी चौधरी बनाए गए सदस्य

भास्कर दूत

रायपुर। जीएसटी के तहत कंपनसेशन सेस के पुनर्गठन के लिए मंत्रियों के समूह का गठन किया गया है। इसमें वित्त मंत्री ओपी चौधरी को सदस्य बनाया गया है। समूह के अध्यक्ष केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी है।



उल्लेखनीय है कि जीएसटी काउंसिल की 54वीं बैठक में कंपनसेशन सेस को समाप्त कर एक नया कर ढांचा तैयार करने की जोर दिया गया था। इसी तारतम्य में ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स का गठन किया गया है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अगुवाई में गठित इस कमेटी में ओपी चौधरी के अलावा असम की वित्त मंत्री स्मिता नेग, गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा, मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा, पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और तमिलनाडु के वित्त मंत्री थांगम थिन्नारसु सदस्य बनाए गए हैं।

यह समूह कंपनसेशन सेस को समाप्त करने के बाद प्रभावी और समग्र कर प्रणाली विकसित करने के लिए विभिन्न कर प्रस्तावों पर विचार करेगा। परिषद ने इस बात पर जोर दिया था कि नया कर ढांचा न केवल राज्यों की वित्तीय स्थिरता को सुनिश्चित करेगा, बल्कि आर्थिक वृद्धि को भी बढ़ावा देगा। कंपनसेशन सेस के माध्यम से राज्यों को मिलने वाले वित्तीय संसाधनों का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि इससे कई विकास परियोजनाओं को मदद मिलती है।

# आधी रात होटल- रेस्टोरेंट में पुलिस की दबिश

## ग्राहक बनकर शराब लेने पहुंचे एसएसपी, रेड मारकर की कार्रवाई

भास्कर दूत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में देर पुलिस की टीम ने होटल-रेस्टोरेंट में रेड मारकर कार्रवाई की। इन जगहों में रात 12 बजे के बाद शराब पिलाने की शिकायतें मिल रही थी। इस पर संज्ञान लेते हुए एसएसपी और एएसपी की दो टीमें सादी वर्दी में ग्राहक बनकर रेस्टोरेंट में गए। इस दौरान रेस्टोरेंट से बीयर, शराब और हुक्के जब्त किए गए। इसके अलावा देर रात तक पार्टी करने वाले लोगों को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। दरअसल एसएसपी संतोष सिंह रात खुद जांच करने निकले। सादी वर्दी में वे ग्राहक बनकर वीआईपी रोड स्थित एक



रेस्टोरेंट में गए। वहां बैठकर शराब और बीयर ऑर्डर किया। शराब सर्व करते ही एसएसपी की टीम ने रेड कर दिया। इस दौरान रेस्टोरेंट से बीयर, शराब और हुक्के जब्त किए गए। साथ ही कई अन्य रेस्टोरेंट और कैफे के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। इसके अलावा देर रात तक पार्टी करने वाले लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### इन जगहों पर की गई कार्रवाई

पिन्टू ढ़ाबा, पाजी द पिण्ड, सरदार द किचन, द लिविंग रूम कैफे, एरिया 36 रेस्टोरेंट और कैफे और द बर्न हाउस कैफे में छापा मारा गया। इसके अलावा टीम ने कई लोगों को भी पकड़ा। इन सब विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पकड़े गए आरोपियों के पास से 32 पौवा देशी शराब, 8 लीटर अंगेजी शराब, 13 लीटर बीयर, 1 किलों तम्बाकू, 3 नग हुक्का पाईप और 3 नग हुक्का पॉट जब्त किया गया है।

### आरोपियों को गिरफ्तार कर की गई कार्रवाई

*इस दौरान पुलिस टीम ने सूरज जाटवार, राहुल धुप्पड़, अमनदीप सिंह, जितेंद्र सिंह, अभिषेक अग्रवाल, मंजीत सिंह, आकाश ध्रुव, प्रफुल्ल भोयर, अनिल खुटे, मुकेश दास एवं पी.शिवा राव को गिरफ्तार कर इनके विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। आबकारी विभाग को इन ढाबों और रेस्टोरेंट के लाइसेंस कैंसल करने के लिए भी पत्र लिख रही है।*

# महिला सफाई मित्रो ने किया कबाड़ से जुगाड़ का प्रदर्शन

## नपा अध्यक्ष एवं सीएमओ ने की प्रदर्शनी की सराहना।

भास्कर दूत





**दल्लीराजहरा** -नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा अध्यक्ष शीबू नायर एवं भूपेंद्र वारडेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा वार्ड क्रमांक 1 राजहरा बाबा वार्ड में स्थित एसएलआरएम सेंटर में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में सफाई मित्रों के बीच पहुंचे ।एसएलआरएम केंद्र में महिला समूह के सफाई मित्रों द्वारा अनुपयोगी पदार्थ से उपयोगी अर्थात वेस्ट से बेस्ट थीम के अंतर्गत कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी का आयोजन मे सफाई महिला मित्रों ने सजावटी सामान का प्रदर्शन कर नवाचार का संदेश दिया। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर कार्यक्रम में सफाई मित्रों का मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट मे स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है गंदगी को मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन बताते हुए सफाई के प्रति ध्यान देने की बात कही एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करना है,शहर को स्वच्छ रखने हमेशा लोगों को प्रेरित करते रहना है द्य इस कार्यक्रम में उप अभियंता भानु प्रकाश घोष, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश चंद्राकर, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं महिला समूहों के सदस्य उपस्थित रहे।

# चीटियों से सीखे निरंतरता और सकारात्मकता- ऋषभ सागर

भास्कर दूत




**बालोद।** सहजानंदी चातुर्मास में प्रवचन श्रृंखला के तीसरे दिन महावीर भवन में विराजित परम पूज्य ऋषभ सागर जी ने लोगों को चींटी से सीख लेने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि हम देखते हैं की सफल बहुत कम लोग हो पाते हैं ऐसा कौन सा विश्वास या दृष्टिकोण है कि जो व्यक्ति को जीवन में सफलता देता है और ऐसा क्या है जिससे लोग चूक जाते हैं। अच्छा जीवन सब जीना चाहते हैं लेकिन अच्छे जीवन के लिए जो नियम है उनका पालन नहीं होता है। जैसे एक चींटी बार-बार गिरने के बाद भी ऊपर चढ़ती है। यही हमें भी करना चाहिए। जब एक छोटी सी चींटी इतनी हिम्मत रख सकती है तो हम क्यों नहीं रख सकते। उन्होंने कहा कि जब चींटी भी एक कठिन से कठिन कार्य करती है अपने वजन से ज्यादा वजन उठा लेती है तो हम क्यों नहीं कर सकते। वह मार्ग ढूंढ लेती है लेकिन चींटी की तुलना में हम पीछे हो जाते हैं। वह मार्ग ढूंढ लेती है पर हम ढूंढ नहीं पाते हैं। कितनी धूप और कितनी रेत कंकड़ है फिर भी वह चुनकर शक्कर के दाने ला लेती है। चींटी जब चलती है तो शायद वह रेत और धूप नहीं देखती उसे तो सिर्फ शक्कर दिखती है जैसे अर्जुन को सिर्फ मछली की आंख दिखती थी। जीवन भी ऐसा ही है हमें जीवन में शक्कर रूपी सुख शांति चाहिए तो लेकिन धूप और रेत रूपी बाधाएं भी हैं। लेकिन उस शक्कर तक जो जीव पहुंच सकता है वही महापुरुष होते हैं। कैसे भी करके आगे बढ़ना है। हमें चींटी का ही दृष्टिकोण अपनाना होगा। मेरे जीवन में आनंद शांति चाहिए तो वह मिलकर रहेगी मुझे इस पर फोकस करना होगा। हम कई जगह फोकस कर देते हैं जिससे हाथ में आया हुई चीज भी निकल जाती है। पहले ही हम हार मान जाते हैं,बोलते हैं कि यह कठिन है अगर चींटी भी ऐसे ही कठिन मान लेती तो वह उस शक्कर तक नहीं पहुंच पाती। वह मान लेती है कि कैसे भी करके मुझे अपने लक्षय तक पहुंचना ही है। जबकि वह देख भी नहीं सकती चींटी का एक रास्ता रोकेंगे तो दूसरे रास्ते से भी चली जाती है। वह खुद से रास्ता ढूंढ लेती है। हमें भी जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी जैसे चींटी को अपना लक्ष्य स्पष्ट है तो वैसे भी हमें सुख शांति चाहिए तो हमें इस दिशा में काम करना होगा। लोग विपरीत चलते रहते हैं। ऐसा तब होता है जब हम स्पष्ट नहीं है। हमारी सुख हमारी शांति हम ही छीन और लूट रहे हैं। चींटी में बहुत लचीलापन होता है। एक रास्ता बंद करो तो वह दूसरा खोज लेती है। वैसे ही हमें भी सोचना है।

## संक्षिप्त समाचार

### देह व्यापार, महिला दलाल पुलिस हिरासत में

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में दुष्कर्म, अपहरण, लूट, हत्या और देह व्यापार जैसे अपराधों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बदमाश लगातार पुलिस की नाक के नीचे बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई का भी बदमाशों में कोई खौफ नजर नहीं आ रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर राजधानी



रायपुर से नाबालिग से दुष्कर्म करवाने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। यहां पुलिस ने दो महिलाओं को हिरासत में लिया है। दोनों महिलाओं पर नाबालिग बच्ची से देह व्यापार करवाने का आरोप है। बताया जा रहा है कि, बच्ची मानसिक रूप से कमजोर है और महिलाएं नाबालिग को अलग-अलग जगह ले जाकर उससे देह व्यापार करवाती थी। इस पूरे मामले का खुलासा भाजपा महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के सदस्यों की जागरूकता से हुआ है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपरहण, नाबालिग को देह व्यापार के लिए सप्लाई करने समेत पॉक्सो एक्ट के तहत शिकायत दर्ज की है। फ़िलहाल पुलिस आरोपी महिलाओं से पूछताछ कर रही है।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

### बुजुर्गों के स्वास्थ्य और सम्मान का ध्यान रखना हमारी नैतिक जवाबदारी : मुख्यमंत्री

**रायपुर** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सभी बुजुर्गों को स्वस्थ, सुदीर्घ खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने के लिए पूरे विश्व में एक अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। श्री साय ने कहा कि बुजुर्ग, परिवार ही नहीं पूरे समाज के लिए अमूल्य धरोहर होते हैं। वे जीवन भर परिवार और समाज को अपना अमूल्य योगदान देते हैं। उनके पास अनुभव का अनमोल खजाना होता है। बुजुर्गों के अनुभवों से हमें सीखने की कोशिश करनी चाहिए। बुजुर्गों की खुशी, स्वास्थ्य और सम्मान का पूरा ध्यान रखना हमारी नैतिक जवाबदारी है।

### बुजुर्गों के प्रति व्यवहार में सम्मान और संवेदनशीलता से ही अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस सार्थक होगा: राजवाड़े

**रायपुर** समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने एक अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सभी बुजुर्गों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बुजुर्गों के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना करते हुए कहा है कि बुजुर्ग परिवार के साथ ही समाज के सम्मानीय सदस्य होते हैं। बुजुर्गों के प्रति अधिक संवेदनशीलता से व्यवहार किये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सम्मान के प्रति जन सामान्य में चेतना विकसित करने के लिए प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है।

# रायगढ़ में 4 से 12 दिसंबर तक अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन

भास्कर दूत

**रायपुर।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए रायगढ़ के बोईरदार स्टेडियम में 4 से 12 दिसंबर 2024 तक विशाल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती रैली में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के 8556 उम्मीदवार हिस्सा लेंगे, जिन्होंने अप्रैल 2024 में आयोजित अखिल भारतीय ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम में सफलता प्राप्त की थी। यह रैली अग्निवीर भर्ती के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह सेना में सेवा करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए सुनहरा मौका है। अग्निवीर भर्ती के लिए अप्रैल 2024 में अखिल भारतीय स्तर पर ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (ष्ट्रश्वश्व) का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और 8556 उम्मीदवारों ने इसे सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। अब ये उम्मीदवार



आगामी दिसंबर माह में होने वाली भर्ती रैली में अपनी शारीरिक क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे, ताकि उन्हें भारतीय थल सेना में चयनित होने का अवसर मिल सके। दिसंबर में होने वाली इस महत्वपूर्ण सेना भर्ती रैली की तैयारियों के मद्देनजर रायगढ़ में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के निदेशक, रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेय गोयल, और जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य रैली के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं और समन्वय को सुनिश्चित करना था।

# 24 घंटे में दो बैंकों में लूट की कोशिश करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**गरियाबंद।** जिले में 24 घंटों के भीतर दो बैंकों को लूटने का असफल प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी कोई और नहीं बल्कि धान कोचिया निकला. बताया जा रहा है कि कर्ज से लद चुका धान कोचिया भरपाई के लिए पहले ऑनलाइन गेमिंग खेला, यहां भी किस्मत ने साथ नहीं दिया तो उसने सीधा बैंकों को लूटने की योजना बनाई.

जानकारी के अनुसार, बीते 26 सितंबर को गरियाबंद के केनरा बैंक एटीएम और 27 की रात पाण्डुका ग्रामीण बैंक में सेंध मारने वाला कोई आदतन बदमाश नहीं बल्कि छिंदौला का धान कोचिया अरुण ध्रुव निकला. उसने अपने दो साथी टिकेश्वर यादव और एक नाबालिग के साथ मिल कर लूट की योजना बनाई थी. तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज रही है. इस मामले की पुष्टि गरियाबंद एसडीओपी निशा सिन्हा ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर की. आरोपियों के पास से लूट में प्रयुक्त सामग्री, बैंक से निकाले गए कैमरे, डीवीआर और अन्य सामान जब्त किया गया है.

# ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में पेश किया चालान, अनवर ढेबर को बताया मास्टरमाइंड

भास्कर दूत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के आबकारी प्रकरण मामले में आरोपियों के खिलाफ आज कोर्ट में चालान पेश हुआ है. राज्य के बहुचर्चित शराब घोटाले में नकली होलोग्राम का बड़ा जखीरा ईओडब्ल्यू ने बरामद किया था. नकली होलोग्राम की कड़ी छत्तीसगढ़ से लेकर झारखंड और उत्तरप्रदेश तक जुड़ रही थी. इसके बाद ईओडब्ल्यू ने अनवर ढेबर समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तारी की थी. नकली होलोग्राम प्रकरण पर EOW ने सोमवार को गिरफ्तार आरोपी अनुराग द्विवेदी, अमित सिंह, दीपक दुलारी और दिलीप पांडे के खिलाफ चालान पेश किया है. गौरतलब है सूबे के बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में एसीबी/ईओडब्ल्यू ने जांच कर मुख्य सरगना अनवर ढेबर की धनेली स्थित मैदान से बड़ी मात्रा में नकली अधजले होलोग्राम का जखीरा बरामद किया था। साल 2019 से 2022 तक सरकारी शराब दुकानों पर सिंडिकेट बनाकर अवैध रूप से शराब बेचकर सरकार को सैकड़ो करोड़ की आर्थिक क्षति पहुंचाई थी. धनेली की जमीन पर फर्जी होलोग्राम को नोएडा से लाकर भंडारण, डिस्टलरियों को वितरण, खाली शीशी डिसलरों को सप्लाई और अवैध शराब (पार्ट बी) के बिक्री से प्राप्त कमीशन का संग्रह किया जाता था. इस मामले पर भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 420, 468, 467, 471, 120 बी के तहत अपराध दर्ज किया है। ईओडब्ल्यू से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपियों के विरुद्ध आज 2500 पन्नों का चालान पेश किया गया है. इस चालान में आरोपियों से जुड़े नकली होलोग्राम मामले के करोड़ों रुपयों के साक्ष्य प्राप्त किए गए हैं. इस पूरे प्रकरण पर अन्य आरोपियों के विरुद्ध जांच चल रही है. जल्द अन्य आरोपियो के विरुद्ध चालान पेश कर कार्रवाई की जाएगी. ईओडब्ल्यू के वकील सौरभ पांडे ने बताया की आरोपियों के विरुद्ध नकली होलोग्राम मामले में आज 2500 पन्नों का चालान पेश किया गया है. कोर्ट ने अगली सुनवाई का समय 4 नवंबर को तय किया है।

*मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उप निर्वाचन के लिए आरओ, एआरओ, नोडल और तकनीकी अधिकारियों के प्रशिक्षण को किया संबोधित*

# निर्वाचन की सभी प्रक्रियाएं निष्पक्षता से संपन्न कराएं

भास्कर दूत




*नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर्स और सीईओ कार्यालय के अधिकारियों ने आदर्श आचरण संहिता, नामांकन प्रक्रिया, निर्वाचन व्यय, एमसीएमसी, आईटी एप्स सहित विभिन्न प्रक्रियाओं की बारीकियों की दी जानकारी*

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज विधानसभा उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल अधिकारियों और तकनीकी अधिकारियों के प्रशिक्षण को संबोधित किया। उन्होंने विधानसभा उप निर्वाचन के दौरान सभी प्रक्रियाएं पारदर्शिता और निष्पक्षता से संपन्न कराने को कहा। उन्होंने इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों तथा निर्धारित प्रक्रियाओं का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए। श्रीमती कंगाले ने प्रशिक्षण में कहा कि राज्य में विधानसभा की एक रिक्त सीट के लिए उप चुनाव होगा। इसके लिए जल्दी ही प्रक्रिया शुरू होगी। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री पी.एस. ध्रुव भी प्रशिक्षण में उपस्थित थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उप चुनाव की तिथि की घोषणा के साथ ही इसके लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाएगी। उन्होंने निर्बाध और सुचारू निर्वाचन के लिए संबंधित अधिकारियों को विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं का जायजा लेने को कहा। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में छाया, पेयजल, शौचालय, रैंप इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाधारहित उप चुनाव के लिए आपसी समन्वय से सक्रियता से काम करने को कहा। उन्होंने आज के प्रशिक्षण में ट्रेनर्स से चर्चा कर अपनी-अपनी शाखाओं से संबंधित शंकाओं का समाधान करने को कहा। रायपुर के कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और नगर निगम के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा भी इस दौरान मौजूद थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान नौ सत्रों में अधिकारियों को आदर्श आचरण संहिता, नामांकन प्रक्रिया, मीडिया प्रमाणन एवं अनुश्रवण समिति (एमसीएमसी), निर्वाचक नामावली, पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस, निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग, जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना , मतदान दलों एवं मतदान के दिन की व्यवस्थाओं, ईवीएम, मतगणना तथा निर्वाचन के दौरान प्रयुक्त आईटी एप्लीकेशन्स की बारीकियों की जानकारी दी गई। नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर श्री पुलक भट्टाचार्य ने अधिकारियों को आदर्श आचरण संहिता के विभिन्न प्रावधानों के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद जो व्यक्ति उस क्षेत्र के निवासी नहीं है, उसे क्षेत्र से बाहर जाना होगा। आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने के दौरान जिले में किसी भी तरह के आयोजन के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर श्री यू.एस. अग्रवाल ने प्रशिक्षण के दौरान नामांकन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उम्मीदवारों की पात्रता, नामांकन के समय संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों, नामांकन शुल्क, नामांकन पत्रों की संवीक्षा, चुनाव चिन्ह आबंटन, उम्मीदवारों द्वारा दिए जाने वाले शपथ पत्रों तथा रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में नामांकन के लिए जरूरी व्यवस्थाओं के बारे में बताया। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती शारदा अग्रवाल ने एमसीएमसी के कार्यों और कार्यप्रणाली के बारे में बताया कि आदर्श आचरण संहिता और निर्वाचन व्यय पर निगरानी के लिए प्रिंट मीडिया सेल, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सेल और सोशल मीडिया सेल का गठन करना है। उन्होंने इसके माध्यम से पेड न्यूज पर भी नजर रखने को कहा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों के बीच जनमत सर्वेक्षण और एक्जिट पोल प्रतिबंधित रहेगा।

# सीनापाली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

भास्कर दूत



**गरियाबंद।** देवभोग विकासखण्ड के ग्राम सीनापाली में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व, पंचायत, कृषि, क्रेडा, वन, स्वास्थ्य, पीएचई, महिला एवं बाल विकास,उद्योग, शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, श्रम, समाज कल्याण एवं अन्य विभागों द्वारा आमजनों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में लोगों के समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित 520 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में लगभग 150 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया,शेष आवेदन लंबी प्रक्रियाओं वाले एवं उच्च कार्यालयों के मार्गदर्शन से संबंधित आवेदनों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया।

### ग्रामीणों के समस्याओं एवं शिकायतों से सबंधित 520 आवेदन हुए प्राप्त

### अधिकांश आवेदनों का किया गया निराकरण,कलेक्टर अग्रवाल शिविर में हुए शामिल

शिविर में जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी शिविर में मौजूद लोगों को भी दी। शिविर में कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर भी शामिल हुए। उन्होंने शिविर में मौजूद अतिथियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही हितग्राहियों को विभागीय योजना के तहत सामग्री वितरण कर मौके पर ही लाभान्वित किया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत 2 बच्चों को अन्नप्राशन करवाया, साथ ही 6 गर्भवती महिलाओं को गोद भराई की रश्म के तहत पोषण आहार किट भी प्रदान किया।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक- **दुष्यन्त दास** द्वारा 602, अशोका रत्न, ब्लॉक नं. 14, 6th फ्लोर शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एन्ड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग , मोवा-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रित । मो. 9406242401, (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा)। Email- bhaskardootraipur1@gmail.com